प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मॉर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11 अंक 03, 29 मार्च से 04 अप्रैल, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मॉर्निंग सिटी



### ईरान जंग के बीच बड़ा खेल, बढ़ी टेंशन, चीन-तुर्की को तगड़ा झटका!



# ऊर्जा संकट के बीच बुरी खबर रूस चार महीने नहीं बेचेगा तेल

अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग के बीच रूस ने बड़ा झटका दिया है। रूसी सरकार घरेलू स्तर पर ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने के लिए 1 अप्रैल से गैसोलीन के निर्यात प्रतिबंध लगाएगी। रूस का यह फैसला कुछ देशों के लिए एनर्जी मार्केट में और संकट पैदा कर सकता है, जो रूस से डायरेक्ट गैसोलीन का आयात करते हैं। इसमें चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देश शामिल हैं। इधर, भारत के लिए राहत की एक और खबर आई, जब दो तेल टैंकर होर्मुज स्टेट पार कर लिया।

नई दिल्ली

रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि संकट के कारण ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव आ रहा है, लेकिन विदेशों में रूसी ऊर्जा की मांग मजबूत बनी हुई है। यह घोषणा नोवाक की अध्यक्षता में घरेलू पेट्रोलियम उत्पाद बाजार की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के बाद की गई। बैठक के दौरान, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के घरेलू ईंधन की कीमतों को अधिक बढ़ने से रोकने पर जोर दिया गया।

### 1 अप्रैल से रूस ने पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध




### भारतीय जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को किया पार

भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। दो एलपीजी टैंकर, बीडब्ल्यू ईएलएम और बीडब्ल्यू टीवाइआर, ईरान जंग के बीच खतरनाक बनी होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर गए हैं। दोनों जहाज साए की तरह साथ-साथ चलते हुए करीब 27 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गल्फ ऑफ ओमान की ओर बढ़ रहे हैं।

### जंग पर चर्चा करेंगे तीन देशों के विदेश मंत्री

ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता को लेकर पाकिस्तान में 29-30 मार्च को बैठक होगी। पाकिस्तान की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्र के विदेश मंत्री शामिल होंगे। बैठक के दौरान ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध की वजह से पैदा हुए तनाव को कम करने और अन्य कई क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

### पीएम मोदी ने सऊदी के क्राउन प्रिंस से की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री



मोहम्मद बिन सलमान से फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में एक महीने से चल रहे संघर्ष की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।



## इजरायल के 50 फाइटर जेट ने बरसाए बम

मिडिल-ईस्ट में तनाव अब और भी ज्यादा बढ़ गया है। यूएस-ईरान वॉर अब विध्वंसक रूप लेता दिख रहा है। इजरायल ने ईरान के अंदर घुसकर 50 फाइटर जेट्स से ताबड़तोड़ बम बरसाए। बताया जा रहा है, ये हमला इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों, हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों को निशाना बनाया। इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। इजरायली सेना के एक अधिकारी ने बताया कि ये हमला कई घंटों तक चला।

### हूती विद्रोही भी ईरान युद्ध में कूदे


इजरायल के साथ कई मोर्चों पर लड़ रहा है। एक तरफ उसका जंग ईरान के साथ है तो वहीं वह हिजबुल्लाह को भी निशाना बना रहा है। लेकिन इस बीच एक और बड़ी खबर सामने आई है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी अब इस जंग में सीधे तौर पर एंट्री मार दी है। उसने इजराइल के दक्षिणी शहर बेर्शेबा और आसपास के इलाकों सैकड़ों बम बरसाए हैं।

## मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रणाली लगाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर

नई दिल्ली

चुनावी प्रक्रिया में धांधली को रोकने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में दोहरी वोटिंग, पहचान बदलकर वोट डालने और फर्जी मतदाताओं द्वारा वोट डालने के मामलों का जिक्र किया गया है। याचिकाकर्ता ने आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर फिंगरप्रिंट और आइरिस बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है। यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर की गई है। संविधान के अनुच्छेद 32 का हवाला देते हुए याचिका में मौजूदा सुरक्षा उपायों के बावजूद रिश्वतखोरी, अनुचित प्रभाव, पहचान छिपाकर वोट डालना, दोहरी वोटिंग और फर्जी वोटिंग की निरंतर घटनाओं पर चिंता जताई गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि वह चुनाव आयोग को विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर फिंगरप्रिंट और आइरिस-आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने का निर्देश दे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक मतदाता ही वोट डाल सकें और एक नागरिक, एक वोट के सिद्धांत का कड़ाई से पालन हो।



### मौजूदा मतदाता पहचान प्रणाली की कमियां

याचिका में तर्क दिया गया है कि वर्तमान मतदाता पहचान विधियां, जो काफी हद तक मतदाता पहचान पत्र और मैन्युअल सत्यापन पर आधारित हैं, पुरानी तस्वीरों, लिपिकीय त्रुटियों और वास्तविक समय सत्यापन की कमी के कारण दुरुपयोग की संभावनाओं से ग्रस्त हैं। याचिका में कहा गया है कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जो अद्वितीय और गैर-डुप्लिकेट होता है, पहचान छिपाकर वोट डालने और कई बार वोट डालने जैसी समस्याओं को प्रभावी ढंग से समाप्त कर देगा।

### चुनाव आयोग की शक्तियां और संवैधानिक दायित्व

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक जनादेश पर प्रकाश डालते हुए याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के पास अनुच्छेद 324 के तहत ऐसी तकनीकी उपाय शुरू करने की पूर्ण शक्तियां हैं और वह मतदाता पहचान को मजबूत करने के लिए प्रासंगिक नियमों में संशोधन कर सकता है। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया है कि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रवासी मतदाताओं, डुप्लिकेट चुनावी प्रविष्टियों और फर्जी मतदाताओं से संबंधित मुद्दों को हल करने में मदद कर सकता है। साथ ही चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए एक वास्तविक समय ऑडिट ट्रेल भी बना सकता है।

## 'अगली सुनवाई में पेश हों': दिल्ली के संरक्षित स्मारकों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के संरक्षित स्मारकों के संरक्षण को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक को अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने 173 अधिसूचित हेरिटेज साइट्स की स्थिति पर जवाब दाखिल न करने को आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन माना। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने एएसआई के महानिदेशक को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उन्हें कारण बताना होगा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी नोट किया कि दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग ने 19 स्मारकों की पहचान कर उनका निरीक्षण किया है, लेकिन कई पहलुओं पर केवल सामान्य जानकारी दी गई है। कोर्ट ने विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें प्रत्येक स्मारक के लिए उठाए गए कदमों और ताजा तस्वीरों को शामिल करने का निर्देश दिया गया है। नगर निकायों की कार्यप्रणाली पर भी अदालत ने नाराजगी जताई। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 85 में से केवल 62 स्मारकों का सर्वे किया है, जबकि नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने 54 में से सिर्फ 2 स्मारकों का निरीक्षण किया है। कोर्ट ने दोनों संस्थाओं को भी विस्तृत रिपोर्ट देने का आदेश दिया। यह मामला याचिकाकर्ता राजीव सूरी द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें डिफेंस कॉलोनी स्थित लोदीकालीन स्मारक गुमटी ऑफ शेख अली पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया था। अदालत ने संकेत दिया कि विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए आगे और निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

## मंत्रियों के अनौपचारिक समूह के साथ रक्षा मंत्री की बैठक, पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पश्चिम एशिया संकट पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब केंद्र सरकार इस संघर्ष को लेकर कई बैठकें कर चुकी है और लोगों को यह भरोसा दिला रही है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है। विदेश मंत्रालय हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है और पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों को हरसंभव मदद देने की कोशिश कर रहा है।

इससे पहले, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की थी। इस बैठक में पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति और उसके देश पर संभावित प्रभाव को देखते हुए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों की ओर से दिए गए



सुझावों की सराहना की और कहा कि ये सुझाव बदलते हालात से प्रभावी तरीके से निपटने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता, तैयारी और मिलकर कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ऐसे वैश्विक संकटों से निपटने का पहले से अनुभव है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र और राज्यों की ओर से 'टीम इंडिया' के रूप में मिलकर किए गए प्रयासों को याद किया, जिससे आपूर्ति श्रृंखला, व्यापार और आम जीवन पर पड़े असर को कम किया गया था।

## बंगाल का रण: ममता सरकार के खिलाफ भाजपा की चार्जशीट, अमित शाह बोले-ये भय से मुक्ति का चुनाव

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है।

अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया। तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है। टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के अभाव में बंगाल उद्योग के लिए एक प्रकार से कब्रिस्तान बन चुका है। अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट केवल भाजपा की नहीं, बल्कि बंगाल की पीड़ित जनता की आवाज है। 2011 से ही भाजपा इस अराजकता के खिलाफ संघर्ष कर रही है और अब समय आ गया है कि जनता इसका हिसाब ले।

## इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली

विशाखापट्टनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 579 की शनिवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। दिल्ली के पास पहुंचते समय विमान के इंजन नंबर-1 में खराबी आई। पायलट को CFM-56 इंजन में तेज वाइब्रेशन महसूस हुआ, इसके बाद इंजन बंद हो गया। पायलटों ने इमरजेंसी घोषित की। दिल्ली एयरपोर्ट से मदद मांगी। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक सुबह 10.53 बजे इमरजेंसी कॉल आया। टीम को अलर्ट पर रखा गया। विमान ने रनवे 28 पर सुरक्षित लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू उतारे गए। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी। SOP के तहत रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं। फ्लाइट 6E 579 में लैंडिंग से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी सामने आई। सावधानी बरतते हुए और तय नियमों के मुताबिक पायलटों ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से पहले लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली के आईजीआई पर उतारा गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई।

विमान की जांच और जरूरी मेंटेनेंस किया जा रहा है। जनवरी 2025 से देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई। इनमें से 377 विमानों में बार-बार आने वाली खराबियों की पहचान हुई। यानी एक ही खराबी बार-बार सामने आई, भले ही उसे पहले ठीक कर दिया गया था। एअर इंडिया ग्रुप के 267 विमानों में से 191 (72%) में बार-बार तकनीकी खराबी पाई गई। इसके बाद इंडिगो का नंबर था। इसके 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट ( एक ही खराबी बार-बार) पाई गई।

### मोदी ने देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन किया: नोएडा में बोले-

## युद्ध के संकट से देश को एकजुट होकर लड़ना है

नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है। प्रधानमंत्री ने कहा- देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना प्रस्तावित है। पूरा बनने की डेडलाइन 2040 है। नोएडा




एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े अफसरों ने बताया- एयरपोर्ट से फ्लाइट मई से शुरू हो सकती है।

एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि एंट्री के बाद 20 मिनट से कम समय में बोर्डिंग संभव है। एशिया की सबसे बड़े एयरपोर्ट की बात करें तो अभी चीन का बीजिंग डेक्सिंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। इसका एरिया 47 स्क्वायर किमी है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। उन्होंने कहा कि जो भारतीयों के हक में है, हित में है, वहीं भारत सरकार की नीति और रणनीति है। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने के लिए राजनीतिक बहस में कुछ नंबर तो पा लेंगे, लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी कुछ लोगों ने गुमराह किया, झूठ बोले, लेकिन जनता ने चुनावों के दौरान ऐसी राजनीति को नकार दिया। ठुकरा दिया। मुझे भरोसा है कि देश के राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और एकजुट प्रयासों को बल देंगे, ताकत देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सबका प्रयास बहुत जरूरी है। ये आवश्यक है कि 140 करोड़ देशवासी कड़े से कड़ा परिश्रम करें और वैश्विक संकट का मिलकर सामना करें। युद्ध हो रहा है। इसका सामना कैसे करें ये संसद में बताया है। देश के सभी सीएम से हमारी चर्चा हुई है।

## सम्पादकीय

# विदेशी फंडिंग पर कसेगी लगाम

गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को प्राप्त विदेशी फंडिंग के इस्तेमाल में पारदर्शिता लाने और दुरुपयोग पर लगाम लगाने वाला विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 लोकसभा में पेश हो गया। विपक्ष के विरोध को दरकिनार करते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि विधेयक उन तत्वों के लिए खतरनाक है जो देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। देश की संप्रभुता और अखंडता से खिलवाड़ करने वालों के मन में कानून का भय होना ही चाहिए। इससे पहले कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों ने विधेयक को असंवैधानिक और गरीब विरोधी करार देते हुए इसे संघीय ढांचे के साथ खिलवाड़ बताया। गृह राज्य मंत्री राय ने कहा कि वर्तमान कानून में विदेशी फंडिंग के क्रियान्वयन को लेकर अस्पष्टता के कारण प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार चाहती है कि इस मामले में एक स्पष्ट, संतुलित क्रियान्वयन की व्यवस्था हो जो संस्थाओं में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक का आशय वैध गतिविधियों को रोकना नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करना है। राय ने कहा कि यह विधेयक उन पर लगाम कसेगा जो अवैध धर्मांतरण कराते हैं। एनजीओ बनाकर अपना और अपने परिवार का हित साधते हैं। ऐसे देश विरोधी कार्य करते हैं जिनसे भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए चुनौती पैदा हो। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि ऐसे तत्वों के लिए विधेयक को खतरनाक होना ही चाहिए। ऐसे तत्वों के मन में कानून का डर होना ही चाहिए। सरकार देश की अखंडता और संप्रभुता से रत्ती भर भी समझौता नहीं करेगी। विदेशी फंडिंग पाने वाले संगठनों पर निगरानी सख्त की जाएगी।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

बिल में एक नया व ताकतवर प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव है, जो उन एनजीओ की संपत्ति जब्त व प्रबंधित करेगा, जिनका लाइसेंस रद्द या निलंबित हो जाता है। बिल के अन्य प्रमुख प्रावधान हैं: ज सरकार के पास संस्था की विदेशी चंदे से बनाई गई संपत्ति को अपने कब्जे में लेने का या संपत्ति को बेचकर हासिल रकम को भारत संचित कोष में जमा करने का अधिकार होगा। एनजीओ सरकार की अनुमति के बिना संपत्ति नहीं बेच सकता। ज विदेशी चंदा पाने वाले हर एनजीओ को नामित प्राधिकारी की नियुक्ति करनी होगी, जो यह सुनिश्चित करेगा कि एनजीओ को जिस उद्देश्य से विदेशी चंदा मिला है, उसका खर्च उसी मद में हो रहा या नहीं। ज प्राधिकार संपत्ति का प्रबंधन व निस्तारण करेगा। ज किसी भी कारण से संस्था का पंजीकरण नवीनीकृत न होने पर उसे स्वतः समाप्त माना जाएगा। एनजीओ को विदेशी मदद को एक समयसीमा में संबंधित उद्देश्य के लिए ही खर्च करना होगा। ज एनजीओ के मुख्य पदाधिकारियों में निदेशक, ट्रस्टी, शासी निकाय के सदस्य, हिंदू अविभाजित परिवार के कर्ता शामिल होंगे। एनजीओ की किसी भी गतिविधि के लिए ये सभी निजी रूप से जिम्मेदार होंगे। ज इसके अलावा किसी एनजीओ के खिलाफ विदेशी मदद मामले में हुई अनियमितताओं की आपराधिक जांच के लिए जांच एजेंसियों व राज्यों को केंद्र से अनिवार्य रूप से पूर्व अनुमति लेनी होगी। गौरतलब है कि देश में इस समय 16000 गैर सरकारी संगठन पंजीकृत हैं और इन्हें 22000 करोड़ रुपए विदेशों से आते हैं। विदेशी धन से धर्मांतरण के साथ-साथ देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन व संरक्षण भी कई एनजीओस करते हैं। विपक्षी दलों के विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद ने कहा कि देश विरोधियों का हर हाल में डरना आवश्यक है, उनका कहना है कि संशोधन विधेयक 2026 उनके लिए खतरनाक है जो धन के बल पर अवैध धर्मांतरण तथा देश विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं। अतीत में जाएं तो पायेंगे कि एक नहीं अनेक आंदोलनों को गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से विदेशों से आर्थिक सहायता देकर उन्हें भड़काया गया जो देश की अखण्डता के लिए भी खतरा बनते दिखाई दे रहे थे।

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

ललित गर्ग







बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं।

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है।

यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के रियायती जमीन पर बने अस्पतालों को नोटिस जारी करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने जैसा है। जब अस्पताल रियायती जमीन लेते समय गरीबों के इलाज का वायदा करते हैं, तो वह केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि लाभ तो निजी अस्पताल उठा रहे हैं और दायित्व निभाने से बच रहे हैं। यही स्थिति बीमा क्षेत्र में भी दिखाई देती है, जहां पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय छोटी-छोटी तकनीकी वजहों से दावे खारिज कर दिए जाते हैं।

आम आदमी सालों तक प्रीमियम भरता रहता है, लेकिन जरूरत के समय उसे राहत नहीं मिलती। इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता एक सकारात्मक संकेत है। जिस प्रकार अदालत ने अस्पतालों से जवाब मांगा है, उसी प्रकार बीमा कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सख्त निगरानी और स्पष्ट नियम बनने चाहिए, ताकि बीमा वास्तव में सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल। सरकारों की जिम्मेदारी केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके क्रियान्वयन की सख्त निगरानी भी होनी चाहिए। यदि रियायती जमीन लेने वाले अस्पताल गरीबों का मुफ्त इलाज नहीं करते तो उनसे जमीन का बाजार मूल्य वसूला जाना चाहिए या उनकी मान्यता पर पुनर्विचार होना चाहिए। इसी तरह बीमा कंपनियों को भी क्लेम प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनानी चाहिए। स्वास्थ्य और बीमा दोनों ही आम आदमी की जीवन सुरक्षा से जुड़े विषय हैं, इसलिए इनमें मुनाफाखोरी की मानसिकता पर नियंत्रण आवश्यक है। यदि सरकार, न्यायपालिका और नियामक संस्थाएं मिलकर सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित करें, तो चिकित्सा और बीमा दोनों क्षेत्रों में आमजन का विश्वास फिर से स्थापित हो सकता है। अन्यथा सेवा के ये क्षेत्र केवल व्यवसाय बनकर रह जाएंगे और गरीब आदमी इलाज और बीमा दोनों के बीच पिसता रहेगा।

# भारत चीन के आर्थिक संबंध 'दोस्ती' है या 'दबाव'? क्या ड्रैगन के चंगुल में फंसता चला जा रहा है हाथी?

नीरज कुमार दुबे



भारत और चीन के बीच व्यापार का रिश्ता आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां सच्चाई और दिखावा आमने सामने खड़े हैं। ऊपर से सब कुछ तेजी से बढ़ता हुआ दिखता है, लेकिन अंदर ही अंदर यह रिश्ता भारत की आर्थिक रीढ़ पर दबाव डाल रहा है। यह कहानी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि ताकत, निर्भरता और रणनीति की है। हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 155 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच चुका है। पहली नजर में यह उपलब्धि लगती है, लेकिन यही आंकड़ा सबसे बड़ा खतरे का संकेत भी है। कारण साफ है, यह व्यापार संतुलित नहीं है। भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर के पार जा चुका है। इसका मतलब यह है कि भारत चीन से बहुत ज्यादा खरीद रहा है और बहुत कम बेच पा रहा है। चीन से आयात 135 अरब डॉलर के करीब है, जबकि भारत का निर्यात मुश्किल से 20 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। यह असंतुलन सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक निर्भरता का खुला सबूत है।

हम आपको बता दें कि भारत आज भी इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाओं के कच्चे माल और सोलर उपकरणों के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर है। दरअसल सस्ती कीमतों का लालच भारत को इस जाल में बांधे हुए है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह सस्ता सौदा वास्तव में सस्ता है? जब एक देश आपकी सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखता है, तो वह केवल व्यापार नहीं करता, बल्कि आपकी अर्थव्यवस्था पर भी असर डालता है। यही चीन कर रहा है। हैरत की बात यह भी है कि गलवान जैसी घटनाओं के बाद उम्मीद थी कि भारत चीन से दूरी बना लेगा। लेकिन हकीकत उलट है। दोनों देशों के बीच व्यापार न केवल जारी है, बल्कि तेजी से बढ़ा है। कारण यही है कि भारत अभी भी कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चीन पर निर्भर है। बुलेट ट्रेन परियोजना से लेकर औद्योगिक मशीनों तक, भारत को चीन से सामान लेना पड़ रहा है। यानी राजनीतिक तनाव अपनी जगह है, लेकिन आर्थिक मजबूरी अपनी जगह है। मगर भारत अब इस असंतुलन को समझ चुका है और धीरे धीरे अपनी रणनीति बदल रहा है। देश में विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। छोटे और मध्यम उद्योगों को ताकत दी जा रही है। नए व्यापार समझौते किए जा रहे हैं ताकि निर्यात बढ़ सके। इसके साथ ही, ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत ने समझदारी दिखाई है। अब वह केवल एक स्रोत पर निर्भर नहीं रहना चाहता। तेल और गैस की सप्लाई को विविध बनाया जा रहा है। यह संकेत साफ है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

दूसरी तरफ चीन अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। उसका लक्ष्य साफ है कि उसे दुनिया की फैक्ट्री बने रहना है और हर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करनी है। हम आपको यह भी बता दें कि चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष लगातार बढ़ रहा है। वह नए बाजारों में घुस रहा है और तकनीकी तथा खनिज संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ा रहा है। यही वजह है कि भारत जैसे देश चाहकर भी उससे पूरी तरह दूरी नहीं बना पा रहे हैं। इसके अलावा, हाल के बयानों में चीन ने भारत के साथ सहयोग की बात कही है। लेकिन यह सहयोग उतना सीधा नहीं जितना दिखता है। इसके पीछे एक रणनीतिक खेल है। चीन चाहता है कि भारत उसके साथ खड़ा रहे, जबकि भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक पहचान बनाना चाहता है। यानी यह रिश्ता अब दोस्ती का नहीं, बल्कि संतुलन का खेल बन चुका है। यह एक ऐसा दौर है जहां दोनों देश एक दूसरे से जुड़े भी हैं और एक दूसरे से बचने की कोशिश भी कर रहे हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि आने वाले समय में भारत और चीन के बीच आर्थिक मुकाबला और तेज होने वाला है क्योंकि सप्लाई चेन का बंटवारा होगा, नए विनिर्माण केंद्र उभरेंगे और तकनीक के क्षेत्र में सीधी टक्कर होगी। भारत अगर अपनी रणनीति पर कायम रहता है, तो वह इस असंतुलन को धीरे धीरे कम कर सकता है। लेकिन अगर वह चूक गया, तो यह निर्भरता और गहरी हो जाएगी। बहरहाल, भारत और चीन का व्यापार संबंध एक दोधारी तलवार है। एक तरफ यह आर्थिक अवसर देता है, दूसरी तरफ यह निर्भरता का खतरा भी पैदा करता है। अब फैसला भारत के हाथ में है कि वह इस रिश्ते को अपने पक्ष में मोड़ता है या फिर आंकड़ों की चमक में छिपे खतरे को नजरअंदाज करता रहता है। क्योंकि सच्चाई यही है, यह व्यापार नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति की लड़ाई है।

## लघुकथा

### गिरहकट

पन्ना, मैक, लंबू, हीरा, छोटू इनके असली नाम नहीं थे लेकिन दुनिया अब इसे ही इनका असली नाम मानती थी। मंगल प्रसाद गुप्ता ही पन्ना था, मथुरादास पांडे मैक बन चुका था। लंबू का असली नाम खलील अहमद था। अब का हीरा कभी हरजिंदर हुआ करता था और आफताब को सब छोटू के नाम से जानते थे। वैसे तो ये लोग अलग-अलग धर्मों के थे मगर एक ही चीज थी जो इन्हें जोड़ती थी वो था इनका लक्ष्य। ये मजहब से अलग मगर मकसद से एक थे। इन सभी का इकलौता लक्ष्य था दूसरे की जेबों से माल उड़ाना। ये पोशीदा भेड़िये थे जिन्हें दुनिया गिरहकट के नाम से जानती थी। ये शहरी जंगलात के भेड़िये थे। मगर ये भी वास्तविक जंगल के भेड़ियों की तरह समूह में शिकार किया करते थे। जिसने कामयाबी से शिकार किया सबसे पहला और बड़ा हिस्सा उसका, लेकिन झुंड में सभी को हिस्सा मिलता था। कोई रेकी करता था। कोई पॉकेट पर हाथ मारता था तो कोई बटुआ लेकर भागता था, कुछ का रोल इसके बाद शुरू होता था। इन सभी शहरी भेड़ियों ने पूरी ट्रेनिंग ले रखी थी। टास्क शुरू हुआ, एक वृद्ध महिला को पन्ना ने स्पॉट किया और उसने मैक को काम करने का इशारा किया। बस में चढ़ने की जद्दोजहद कर रही वृध्द महिला को पन्ना ने बस में चढ़ाते हुए कहा - आंटी जी ,जल्दी कीजिये मैं सहारा देता हूँ ना आपको "ये कहकर बस में चढ़ाते हुए उसने उस वृध्द महिला का छोटा सा बटुआ ब्लाउज से खींच लिया। आंटी पन्ना की ये हरकत जान गयीं। उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। भीड़ जब तक कुछ समझ पाती तब तक पन्ना ने बटुआ पहले से बस में मौजूद मैक की तरफ उछाल दिया। पन्ना बस में घिर गया मगर मैक ने बटुआ कैच किया और तत्काल बस की खिड़की से बाहर कूद गया। सब लोग बटुआ लिए मैक की तरफ भागे तब तक भीड़ से हाथ झटक कर पन्ना भी भाग निकला। पकड़े जाने पर मैक की बेतहाशा पिटाई शुरू हो गई। गिरहकट को पीट रहे दोनों युवकों के सामने अचानक एक तीसरा युवक आया।

वो पिटाई शांत कराते हुए बोला - बहुत पिट चुका है ये अब और ज्यादा मारोगे तो ये मर जायेगा। फिर पुलिस का लफड़ा हो जायेगा। वैसे भी पैसे तो आंटीजी को वापस मिल ही चुके हैं। एक काम करो इसे कोतवाली ले चलते हैं। वहाँ पर पुलिस इनकी कायदे से तुड़ाई भी करेगी और जेल भी भेज देगी ,तब इनकी अक्ल ठिकाने आएगी "। तीसरे युवक की बात सुनकर दोनों युवकों ने पीटना बंद कर दिया औ? भीड़ ने भी तीसरे युवक की बात का समर्थन किया , वास्तव में पुलिस के लफड़े में कोई नहीं पड़ना चाहता था चाहे पीड़ित हो या भीड़। भीड़ ने न सिर्फ उन तीनों युवकों की तारीफ की बल्कि उनकी सजगता के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की। मैक को पीटने वाले लंबू और हीरा थे। रस्सी लाने वाला युवक छोटू था। पकड़ने, पीटने और पुलिस तक पहुंचाने की बात करने वाले सब गिरहकट ही थे जो जंगली भेड़ियों की तरह समूह में शिकार पर थे ।

## कहानी

### अनुशासन से आई चुस्ती



शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। शेखू को कई साल तक यह पता नहीं था कि उसका नाम ऐतिहासिक है। बचपन से उसे राजकुमारों की तरह एक टांग मोड़कर उस पर दूसरी टांग टिकाकर हाथ में दूध की बोतल पकड़कर आराम से दूध पीने की आदत रही। धीरे धीरे बड़ा हुआ तो उसकी आदतों में आलस शुमार होने लगा। स्कूल में सहपाठियों ने उसके नाम का अर्थ पूछा तो उसे पता नहीं था। उसने अपने पापा से पूछा तो बताया कि तुम्हारा नाम महान कहे जाने वाले मुगल सम्राट अकबर के बेटे सलीम के नाम पर है। सलीम को घर में प्यार से शेखू पुकारा जाता था। शेखू यह सुनकर बहुत खुश हुआ और उसके दोस्त बोले, क्या नाम है तुम्हारा वाह! शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। उधर दूसरे प्रतियोगी भी तैयारी में जुटे थे सबकी नजर बढ़िया पुरस्कारों पर थी। पापा ने समझाया कि तुम अपना भाषण निश्चित समय में खत्म करने के लिए सही स्पीड से बोलना। प्रतियोगिता के दिन वह अच्छी तैयारी करकर आया था। उसके बोलने के तरीके व सही उच्चारण की सभी ने तारीफ की। खूब तालियाँ बटोरीं उसने पर एक गड़बड़ कर दी। भाषण धीमी रफ़्तार से दिया तभी उसे निश्चित अवधि से ज्यादा समय लग गया। मुख्य निर्णायक ने निर्णय सुनाने से पहले कहा कि शेखू की प्रस्तुति सर्वोत्तम थी उसे प्रथम पुरस्कार मिलता यदि उसने अपना बढ़िया भाषण निश्चित समय में पूरा कर लिया होता। उसे दूसरा पुरुस्कार मिला। शेखू जब घर लौटा तो उसके दिमाग में पहली बार कुछ चल रहा था। उसने मम्मी पापा को बताया तो उन्होंने अगली बार चुस्ती से प्रयास करने को प्रेरित किया। अपने कमरे में जाकर आँखें मीचकर वह कुछ देर अकेला बैठा रहा फिर एक कागज पर बार बार कुछ लिखता रहा। कुछ देर बाद उसके पापा ने आकर उसे प्यार से समझाया कि यूं उदास हो जाने से कुछ नहीं होगा। घबराओ मत यह तो आपके जीवन की पहली प्रतियोगिता थी। अभी तो तुमने सैकड़ों प्रतियोगिताओं में शामिल होना है। जीवन एक प्रतियोगिता है जिसमें जीत हार तो चलती रहती है। तुम्हें अपने आप से वायदा करना है कि तुम सुस्ती छोड़ दोगे और अपने सभी प्रयास पूरी मेहनत, निश्चित समय में तत्परता से करोगे। शेखू ने नीची नजर कर वह कागज पापा को थमा दिया था। जिस पर सुन्दर शब्दों में सौ बार लिखा हुआ था, पापा अब मैं सुस्ती नहीं करूंगा। उसकी आँखों में निश्चय की चमक थी वह बदल चुका था। पापा ने उसे एक घड़ी उपहार में दी और कहा यह लो कल से अलार्म लगाकर उठना और अपना वादा निभाना। अगली सुबह सचमुच अच्छी रही शेखू ने अलार्म बजते ही बिस्तर छोड़ दिया था और कुछ देर व्यायाम के बाद पढ़ने बैठ गया था। उसके जीवन में चुस्ती प्रवेश कर चुकी थी।

## जिंदगी और छुट्टियां

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

नासमझ लोग आवाज उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं।

एआई से जो मर्जी पूछ लीजिए, तनमन चाही जगहों पर अपनी तस्वीरें बनवा लीजिए लेकिन घुमक्कड़ी का लुत्फ उठाने के लिए वहां सशरीर ही जाना पडेगा। उससे पहले माल चाहिए और छुट्टी भी। एक बार मिली जिंदगी में सबसे ज्यादा छुट्टियां सरकारी नौकरी में ही हो सकती हैं। पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हों तो किस्मत और जुगाड़ दोनों जेब में रह सकते हैं। पोस्टिंग का प्रबंधन भी हो जाता है। सरकारी नौकरी की तो वाह वाह है जी। आम समाज में उन लोगों की सामाजिक रेटिंग कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होता। सरकारजी के वश में हो तो सभी को सरकारी नौकरी दे दे और अपने वोट पक्के कर ले।

नासमझ लोग आवाज उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। निजीकरण के जमाने में भी सरकारी नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी। छुट्टियों का खजाना जमा



आम तौर पर साल के दौरान होने वाली छुट्टियां, जिंदगी में बहार की तरह आती हैं लेकिन रविवार को घोषित छुट्टियां पतझड़ सी उदासी लाती हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को हों तो मौसम सुहाना रहता है। कई बार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आते रहे हैं जो अनचाही तेज बारिश वाले दिन की तरह होते हैं ।

कई त्योहारों या प्रसिद्ध जन्मदिन का अवकाश, शनिवार या सोमवार को रहता है तो स्थानीय मेला सा लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की भी तारीफ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है। इस साल भी राष्ट्रीय अवकाश सिर्फ तीन हैं, धार्मिक और सांस्कृतिक छुट्टियां उन्नीस होनी हैं। एक राज्य में, बावन वीकेंड यानी शनिवार रविवार मिलाकर, एक सौ सत्ताईस अवकाश हैं। दूसरे राज्य में तीन अवकाश ज्यादा हैं। इसके इलावा तीन ऐच्छिक, तेरह आकस्मिक, पंद्रह मेडिकल, तीस अर्जित यानी साल में छ महीने की शानदार छुट्टी।

इतनी छुट्टियां हैं कि हर दूसरे दिन दफ्तर जाने की सुविधा है। किसी आम व्यक्ति ने काम से जाना हो तो उसे पहले पता कर लेना चाहिए, फलां कर्मचारीजी आज अवकाश पर तो नहीं। दो तीन सप्ताह के बाद, तीन दिन का सप्ताहांत भी उपलब्ध है। कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी होती हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। एक छुट्टी ले लेने से चार दिन की छुट्टी हो जाती है और दो लेने से पांच या छ दिन का थका देने वाला आराम। काफी ज्यादा समझदार लोगों का सुझाव है कि यदि कोई त्योहार या अवकाश दूसरे शनिवार या रविवार को आ रहा हो, उसकी सरकारी छुट्टी किसी अन्य वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार अपने सभी काम समझदारी से करती है, सुबह से शाम तक खूब काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां ही उचित तरीके से नहीं करती।

कुछ छुट्टियों का दिन बदल दे तो वोट बैंक ही बढेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें, आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। छुट्टियों का खालिस मजा लेने के लिए सरकारी नौकरी में प्रवेश करने की कोशिश करते रहना बहुत जरूरी है।

# दबंगों ने विधवा महिला से धोखाधड़ी करके करा लिया बैनामा

## महिला की बेशकीमती जमीन पर दबंगो के गिरोह की नीयत खराब, पीड़ित महिला न्याय की आस में लगातार काट रही अधिकारियों के चक्कर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** कुरावली तहसील क्षेत्र के गांव लुखरपुरा निवासी बिधवा महिला जो वर्तमान में जनपद एटा में अपने बेटो के साथ निवास कर रहीं हैं, की बेशकीमती जमीन का दबंग किस्म के लोगो ने धोखाधड़ी करके बैनामा करा लिया, अब महिला न्याय की आस में अधिकारियों के चक्कर लगा रहीं है। जिन लोगो ने महिला की जमीन का बैनामा कराया है उस गिरोह का काम विवादित जमीनों को कोड़ियो के भाव में खरीदने का हैं, बिधवा महिला से धोखाधड़ी करके बैनामा कराने वाला जनपद एटा क्षेत्र के गांव से मैनपुरी आकर दबंगई दिखाकर जमीनों पर अपना हक जमा रहा है।

कुरावली तहसील क्षेत्र के गांव लुखरपुरा व हाल निवासी श्यामनगर एटा निवासी अनुसूचित जाति की बिधवा महिला




रेशमदेवी पत्नी लालाराम ने बताया कि उसकी जमीन सुजरई देहात मौजा स्थित है। कुछ महीनों पहले उनके घर पर गणेश यादव निवासी ततरई थाना जैथरा जनपद एटा आया और कहने लगा कि गाटा संख्या 898 नंबर की खतौनी में आपका नाम दर्ज होने से छूट गया है। जिसको वह दर्ज करा देगा उसके साथ चलना पड़ेगा, जिसके बाद गणेश यादव रेशमदेवी को अपने साथ ले गया, और गणेश यादव ने धोखाधड़ी कर-के रेशमदेवी की गाटा संख्या 299 की जमीन का बैनामा कुरावली के मोहल्ला बैदनटोला निवासी विशाल दिवाकर पुत्र रामवीर सिंह के नाम पर करा लिया। रेशमदेवी को इसकी जानकारी पता करने के बाद मिली, रेशमदेवी के पुत्र ने भी मामले की जानकारी के लिए गणेश को फोन किया लेकिन वह बात को घुमाकर गुमराह करने करता रहा, बाद में गणेश ने फोन उठाना बंद कर दिया।

### मामले की शिकायत एसडीएम से की

धोखाधडी करके जमीन का बैनामा कराने के बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत करने के लिए तहसील पहुंची, जहां पर शिकायती देने के बाद राहत नहीं मिली है। धोखाधड़ी करके बैनामा कराने की शिकायत रेशमदेवी ने थाने में की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पर्यटन मंत्री से भी की है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच के निर्देश दिए है।

### गिरोह बनाकर धोखाधड़ी करता रहता है गणेश यादव

पीड़ित रेशमदेवी के पुत्र अमित कुमार का आरोप है कि गणेश यादव बहुत ही शातिर किस्म का व्यक्ति है जो एक संगठित गिरोह बनाकर लोगो को अपने जाल में फंसाता रहता है। इसके गिरोह में कुरावली के ही कई शातिर व्यक्ति जुड़े हुए है। थाने में दी गई तहरीर जिनके नाम शामिल किए गए है। उन्होने बताया कि गणेश यादव विवादित जमीनों पर अपनी निगाह रखता है। उन जमीनों को कोड़ियो के भाव भी खरीदने का काम करता है।

### क्या बोले एसडीएम कुरावली

बिधवा महिला से उसकी बेशकीमती जमीन का धोखाधड़ी करके बैनामा कराने का मामला संज्ञान में है। वह शिकायत लेकर आई थी, उनसे सिविल कोर्ट में केस दायर करने के लिए कहा गया हैं, यह मामला उनके स्तर का नहीं है। अब इसमें कोर्ट ही तय करेगा कि बैनामा कैसे कराया गया है। इन्होने खुद किया है या फिर धोखाधड़ी से कराया गया है।

# मैनपुरी में एलपीजी गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता

## पर्यटन मंत्री ने जनसुनवाई में सुनीं पीड़ितों की शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जन-समस्याएं सुनने के उपरांत अधिकारियों से कहा कि आमजन को मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में एल.पी.जी. गैस, डीजल, पेट्रोल सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है, लोग अफवाहों पर ध्यान न दें, जिला प्रशासन सभी को समय से आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगा। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि एल.पी.जी. गैस, डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता की निरंतर जानकारी करें, किसी भी उपभोक्ता को कोई असुविधा न हो।

पर्यटन मंत्री ने अधिशाषी अभियंता विद्युत से कहा कि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करायें यदि कहीं विद्युत पोल, तार ढीले हों तो उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए यदि कहीं तार, पोल बदलने की आवश्यकता हो तो तत्काल बदले जाएं, ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की जाए ताकि गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि गर्मी के मौसम में जलापूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही साफ-सफाई के बेहतर प्रबंध किए जाएं, नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए ताकि मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, धीरू राठौर, अमित गुप्ता, विकास चौहान, अर्जुन सिंह चौहान के अलावा उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, विद्युत विभाग से लालू जादौन आदि उपस्थित रहे।

# भागवत कथा समापन पर भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** नगर के साईं धाम पर आयोजित हुई रामकथा के समापन के बाद शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया, दोपहर में शुरू हुए भंडारे में साधु संतों और कन्याओं को पहले भोज कराकर शुरूआत की गई, समाजसेवियों द्वारा साधुओं और कन्याओं को दान देकर आशीर्वाद लिया गया, भंडारे में प्रसाद पाने के लिए देर रात्रि तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, भंडारे में विशेष सहयोग करने बालो में स्वामी सवेर्शानंद महाराज, कन्हैया लाल महाराज, विनोद गुप्ता, सुधीर गुप्ता, विजय चतुवेर्दी, रामनरेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, राघवेंद्र चौहान, सुरेंद्र गुप्ता, विक्रम चौहान, चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव, पिंटू राठौर, विनोद राठौर, सभासद राहुल गुप्ता, राघव चौहान, प्रशांत तिवारी, अजय गुप्ता, सौरभ राठौर, सचिन राठौर, राजेश वर्मा, सोनू वर्मा, ऋषि कश्यप, नन्हे कश्यप, शरद चतुवेर्दी, अमरदीप चतुवेर्दी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत का मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** श्रीपाल पुत्र प्यारेलाल शाक्य निवासी गांव देवपुरा मुड़ौसी ने तहरीर दी की 26 दिसंबर की शाम 4रू00 बजे वह अपनी पत्नी विनीता के साथ पैदल कटरा सामान से बाजार करके घर जा रहे थे जब वह महिगवां रोड भरतपुर गांव के समीप पहुंचे तो एक अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी पत्नी विनीता की टक्कर मार दी और वाहन लेकर भाग गया। हालत गंभीर होने पर वह पत्नी को एंबुलेंस द्वारा सैफई ले गए जहां 29 दिसंबर को इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला के साथ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** कुसमादेवी पत्नी सुरेंद्र सिंह निवासी नगला भूपति कुसमरा ने तहरीर दी कि वह अपने माता-पिता की एकमात्र संतान होने के कारण अपने पिता के घर ही अपने परिवार के साथ रहती हैं, इस कारण उनके पास पड़ोस के लोग उनका जीना मुश्किल किये रहते हैं तथा जलन मानते हैं। आरोप है कि उनके पड़ोसी चाहते हैं कि वह यहां से चली जाए। पीड़िता का आरोप है कि 5 मार्च की शाम उनके पति डेयरी पर दूध देने जा रहे थे तभी सुमित अमित संत कुमार पुत्रगण बृजभान, गुड़िया पत्नी संत कुमार निवासीगण नगला भूपति ने अपने घर के सामने उनके पति के साथ गाली गलौज की जब उन्हें पता चला तो है मुख्य पर गई इस पर उप सभी लोगों ने लाठी और डंडों के साथ उन्हें बुरी तरह मारा पीटा जिससे उनके शरीर पर चोटें आगई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिककी दर्ज कर ली है

### साहब, पति आएदिन करता है मारपीट

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** गीता देवी पत्नी धर्मवीर कोरी निवासी फरेंजी ने बताया कि उनके पति धर्मवीर पुत्र राम भजन शराब पीकर उनकी मारपीट करते हैं। आरोप है कि शुक्रवार की रात उनके पति ने शराब के नशे में गाली गलौज करते हुए लात और घूंसों से उनकी मारपीट की। पास पड़ोस के लोगों ने बचाया। उनके तीन बच्चे हैं वह पति से बहुत परेशान है।

# मैनपुरी में पेड़ पर लटके मिले देवर-भाभी के शव

## नेजा चढ़ाने के बाद देर रात्रि तक डीजे पर दोनो ने किया था नृत्य

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** एलाऊ थाना क्षेत्र में गांव बखतपुर में शनिवार की सुबह करीब आठ बजे खेतों पर जामुन के पेड़ पर देवर-भाभी के शव फंदे पर लटके मिले। जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतार जानकारी जुटाई। जहां पुलिस ने दोनो ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं, पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

एलाऊ क्षेत्र के गांव बखतपुर निवासी 18 वर्षीय अखिलेश कश्यप के चाचा भीमसेन शुक्रवार को शीतला माता मंदिर नेजा चढाने के लिए गए थे। जिसमें अखिलेश, 30 वर्षीय भाभी सरोजनी (ताऊ के पुत्र पुष्पेंद्र की पत्नी) सहित अन्य परिजन भी शामिल होने गए थे। देर शाम नेजा चढ़ाने के बाद सभी लोग गांव वापस आ गए। रात 10 बजे के



करीब घर के बाहर लगे डीजे पर अखिलेश ने मौसेरे भाई और भाभी सरोजनी के साथ जमकर डांस किया था। डीजे बंद होने के बाद रात 11 बजे के करीब जब सभी लोग सोने के लिए चले गए। तभी अखिलेश और सरोजनी लापता हो गए। रात में किसी समय अखिलेश और सरोजनी ने साड़ी के फंदे से आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह आठ बजे के करीब जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो गांव से करीब 400 मीटर की दूर स्थित जामुन के पेड़ पर साड़ी के फंदा से दोनों के शव लटके देखे।

जानकारी होते ही वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन भी रोते-बिलखते वहां पहुंच गए। सूचना पर सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह, एलाऊ एसओ अवनीश त्यागी फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां टीम ने शव फंदे से उतार साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने जानकारी की तो परिजन देवर-भाभी द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में चुप्पी साधे रहे। जिसके बाद दोपहर में पुलिस ने दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### क्या बोले सीओ सिटी

सीओ सिटी संतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शवों के पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। परिजनो की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# मृतक होमगार्ड और घायल सिपाही के मामले में मुकदमा दर्ज

## अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद सिपाही ने दर्ज कराया मुकदमा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बिछवां/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के बिछवा हन्नूखेड़ा मार्ग पर 24 तारीख की शाम को 112 पीआरबी पर एक चालक होमगार्ड व पुलिस कर्मचारी एक सूचना पर जा रहे थे तभी सामने से एक बाइक सवार में टक्कर मार दी जिसमें दोनों गंभीर रूप घायल हो गए थे होमगार्ड की मृत्यु हो गई थी सिपाही घायल हो गया था मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

सिपाही सत्यपाल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी असदपुर क्यामपुर थाना महुआ खेड़ा जिला अलीगढ़ ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि वह उसका साथी होमगार्ड पीआरबी चालक दिनेश चंद्र पुत्र सियाराम निवासी सिरसा थाना कुरावली थाना बिछवा क्षेत्र में दिनांक 24 मार्च को अपनी पीआरबी मोटरसाइकिल की ड्यूटी पर थे, 112 पर एक सूचना प्राप्त हुआ जिसमें कॉलर सुधा देवी पत्नी राम प्रकाश ग्राम सिमरई को अटेंड करने जा रहे थे। तभी इमायदपुर के समीप रोड पर एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चालक नाम पता अज्ञात तेजी व लापरवाही से चलते हुए उसने विपरीत दिशा से आकर पीआरबी में टक्कर मार दी, जिसमें बाइक छतिग्रस्त हो गई दोनों लोग घायल हो गए इलाज के दौरान दिनेश चंद्र की मृत्यु हो गई उन्हें सैफई रेफर कर दिया गया जहां हालत में सुधार होने के बाद रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने पहुंचे तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कैंटर ने बाइक सवार दंपती को रौंदा, पति की मौत

## पत्नी गंभीर घायल, सैफई यूपीयूएमएस में चल रहा इलाज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** शुक्रवार की देर रात्रि रिश्तेदारी में जा रहे दंपती को कैंटर ने रौंद दिया। हादसे में पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि महिला घायल हो गई। इस बीच कैंटर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गंभीर घायल पत्नी को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से महिला को पीजीआई सैफई के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने शव मोर्चरी पर रखवाकर कैंटर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कुरावली थाना क्षेत्र के गांव लखौरा निवासी 40 वर्षीय प्रदीप यादव शुक्रवार की रात्रि पत्नी रीना यादव के साथ बाइक द्वारा एटा के अलीगंज स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। रात्रि करीब 10 बजे बाइक जब नेशनल हाईवे 34 पर गांव खिरियापीपल मोड़ के पास पहुंची। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। टक्कर लगते ही वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में दंपती गंभीर रूप से




घायल हो गए। इस बीच चालक कैंटर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया। जहां पर चिकित्सको प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। रीना को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई के यूपीयूएमएस के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव मोर्चरी पर रखवाया और हादसे की जानकारी परिजनों को देकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गंभीर घायल रीना यादव को जिला अस्पताल से सैफई के यूपीयूएमएस हादसे के लिए रेफर कर दिया गया है। उनका इलाज सैफई में चल रहा है। जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# मैनपुरी में विकास कार्यो की नई इबारत लिखी जा चुकी

## पर्यटन मंत्री ने किया पांच धार्मिक स्थलों के सौदर्यीकरण का शिलान्यास

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर प्रांगण फतेहजंगपुर में 241.28 लाख की लागत से शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर फतेहजंगपुर, 204.06 लाख की लागत से श्री हनुमान जी मंदिर जखौआ, 166.56 लाख की लागत से श्री नैनसुख महाराज मंदिर चदरपुर सिढ़पुरा, 164.46 लाख की लागत से श्री बजरंगबली हनुमान मंदिर खिरनाखुर्द एवं 155.35 लाख की लागत से ब्रह्मदेव महाराज मंदिर ढिबईया के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के ऐतिहासिक स्थलों को पुराना स्वरूप देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, इस दिशा में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने प्रदेश के पुरातात्विक महत्व के धार्मिक स्थलों को नई पहचान देने का कार्य किया है। उन्होने कहा कि




मैनपुरी में विकास कार्यों की एक नई इबारत लिखी जा रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जनपद मुख्यालय सहित तहसील स्तर तक विकास कार्यों का संतुलित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करोड़ों रुपया की सौगात प्राप्त हुई है, केवल पर्यटन विभाग के माध्यम से ही लगभग 200 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत होकर धरातल पर उतर रही हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जनपद में निर्माणाधीन म्यूजियम में मैनपुरी के ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी अपने इतिहास से जुड़ सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, पैक्सफेड के चेयरमैन प्रेमसिंह शाक्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवदत्त भदौरिया, अनुजेश प्रताप सिंह, कुरावली ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह यादव, अमित गुप्ता, विकास चौहान, अजय कुशवाह, प्रशांत राठौर, पुष्पेंद्र शाक्य, शैलेन्द्र सिंह राठौड़, धर्मेंद्र धम्मा वर्मा, विनोद शर्मा, अर्जुन चौहान, ग्राम प्रधान सौरभ सोलंकी, प्रदीप वर्मा, मुनेंद्र सिंह राठौर, मनोज राठौर, सबल सिंह, पप्पू, ठाकुरदास शाक्य, संजय राजपूत, मनोज राजपूत, डॉ. विमल पांडेय, डॉ. सुमंत यादव, सचिव गौरव यादव, राजेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# हत्या या फिर आत्महत्या, गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

## - युवक की संदिग्ध मौत का मामला चर्चा का विषय बना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी/औंछा।** थाना क्षेत्र में जसराना रोड स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की हत्या की गई या फिर उसने आत्महत्या की है। अभी तक इस बात को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी गणेश साहा, एएसपी ग्रामीण राहुल मिठास ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई है। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीबी कैमरो और मृतक के मोबाइल की लोकेशन और बातचीत की जांच भी की गई है। इस घटना में सबसे खास बात यह है कि घटनास्थल से मात्र 200 मीटर दूर पेट्रोल पंप है। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की अलसुबह करीब 5 बजे मृतक गौरव पेट्रोल पंप से अकेले ही निकला था, परिजनो द्वारा जिन लोगो पर हत्या करने के आरोप



लगाए जा रहे है। पुलिस उनकी लोकेशन और बातचीत का रिकॉर्ड भी खंगाल रहीं है। हत्या के पीछे की ठोस बजह क्या है। पुलिस का पूरा फोकस इसी पर हो गया है। पुलिस मामले में कई एंगल पर जांच कर रहीं है। लेकिन पुलिस को अभी संदेह है कि मामला हत्या का नहीं है। इस घटना की कुछ और बजह भी हो सकती है। इसीलिए पुलिस संदेह के आधार पर हत्या के अलावा आत्महत्या जैसे बिंदु पर भी गहराई से जांच कर रहीं है।

**चौकी इंचार्ज पर परिजनों ने लगाए संगीन इल्जाम-** वहीं मृतक के परिजन होली के दिन 4 मार्च को लेनदेन के विवाद के बाद हुई मारपीट की घटना से भी इस घटना को जोड़ कर देख रहे है। इसके अलावा घटनास्थल पर हंगामा कर-के परिजनो ने चौकी इंचार्ज अमित सिंह पर भी संगीन इल्जाम लगाए है। जिसके बाद एसपी ने इन आरोपो की जांच के एएसपी ग्रामीण को सौंपी है।

### खुलासा करने को तीन टीमें गठित की गई

इस सनसनीखेज घटना का खुलासा करने के लिए एसपी ने तीन टीमो का गठन किया है। एसपी ने इसमें सर्विलांस सेल को भी लगाया है। वहीं एएसपी ग्रामीण चौकी इंचार्ज पर लगाए गए आरोपो की जांच कर रहे है। चौकी इंचार्ज की जांच में परिजनो का आरोप है कि होली के दिन 4 मार्च को चार युवक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने आए थें, जहां पर युवको के द्वारा रुपए नहीं दिए गए, इसी बात को लेकर युवको ने गौरव के ऊपर तमंचा तान दिया था, बाद में इन युवको को कर्मचारियों ने पकड़ लिया था, और पुलिस को बुलाकर पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया था। चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने इसमें किशोर पर कार्रवाई कर दी थी, और तीन युवको को छोड दिया, इसकी शिकायत मृतक ने आईजीआरएस सहित एसपी से की थी, परिजनो का साफ कहना है कि चौकी इंचार्ज की बजह से गौरव की जान चली गई। इन आरोपो पर दरोगा की जांच शुरू हो गई है।

### क्या बोले एसपी मैनपुरी

घटना की सूचना मिलने पर निरीक्षण किया गया था, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाइड ने भी साक्ष्य एकत्र किए है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीबी कैमरों को भी खंगाला गया है। पुलिस मामले में सभी एंगल पर जांच कर रहीं है। जल्द ही पुलिस घटना का खुलासा करेगी। चौकी इंचार्ज पर जो भी आरोप लगाए गए है उनकी जांच एएसपी ग्रामीण को दी गई है। दोषी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**- गणेश प्रसाद साहा, एसपी मैनपुरी।**

# कथा समापन पर विसर्जन यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुसमरा/मैनपुरी।** नगर के नरायच धाम नगर के प्रसिद्ध नगर नरायच धाम स्थित दुर्गा देवी मंदिर पर शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा की पूणार्हूति के पश्चात शनिवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए।

श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विसर्जन यात्रा शुरू हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण श्जय श्री



कृष्णश और श्राधे-राधेश के जयघोष से गुंजायमान रहा।

श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के सचिव पवन तिवारी, आलोक अग्निहोत्री, अम्बर तिवारी, यस तिवारी, शिवम शाक्य, ऋतिक पाण्डेय, सोनू अग्निहोत्री, ऋषभ गुप्ता, मोहित गुप्ता, रिश्री गुप्ता और बबुआ गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई: 6 नाबालिग बच्चों को मानव तस्करी से बचाया, 2 आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) आगरा किला ने मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बरामद किया है, जबकि इस मामले में दो मानव तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 27 मार्च 2026 को आरपीएफ आगरा किला पोस्ट की टीम ऑपरेशन आहट के तहत टूंडला से आगरा किला सेक्शन में चल रही ट्रेन संख्या 15269 साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चला रही थी।

इसी दौरान सामान्य कोच में 6 नाबालिग बच्चे संदिग्ध अवस्था में बैठे मिले। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उन्हें मजदूरी कराने के लिए गुजरात ले जाया जा रहा था और इसके बदले उन्हें 500 से 700 रुपये तथा खाने-पीने का खर्च देने का लालच दिया गया था। बच्चों की निशानदेही पर कोच में मौजूद दो संदिग्ध व्यक्तियों चूमन कुमार और कमलेश्वर यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बच्चों को बहला-फुसलाकर मजदूरी के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। ट्रेन के आगरा किला स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, आगरा को सौंप दिया, जहां उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वहीं सभी 6 नाबालिग बच्चों को चाइल्ड लाइन की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। इस सराहनीय कार्रवाई में एएसआई जे.पी. यादव, कांस्टेबल संजय सिंह, कांस्टेबल अनिल गौतम एवं बीबीए/यूपी के सहायक परियोजना अधिकारी ललित यादव की अहम भूमिका रही। आरपीएफ की इस तत्परता से एक बड़ा मानव तस्करी गिरोह बेनकाब हुआ है।

# उड़ान सोसायटी द्वारा शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत नव साक्षरों का किया गया सम्मान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** 28 मार्च,2026 को जवां विकास खंड मुख्यालय के सभागार में जनपद की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था उड़ान सोसायटी द्वारा शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत नवसाक्षर महिलाओं के लिए एक सम्मान समारोह सह प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जवां ब्लॉक प्रमुख श्री ठाकुर हरेंद्र सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि विजय कुमार वर्मा, प्रौढ़ शिक्षा हेड , शिक्षा प्लस कार्यक्रम एवं उड़ान सोसायटी के अध्यक्ष डा.ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित तमाम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित तमाम नवसाक्षरों व जन शिक्षकों का स्वागत करते हुये डॉ.मिश्रा ने बतलाया कि देश के अग्रणी उद्योगपति एवं एच सी एल कंपनी के संस्थापक श्री शिव नाडर जी के व्यक्तिगत योगदान से संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अधीन 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले निरक्षर महिला या पुरुष को कंप्यूटर व प्रोजेक्टर आधारित साक्षरता क्लासों के द्वारा साक्षर बनाने का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम उड़ान सोसायटी के द्वारा जनपद अलीगढ़ के जवां विकासखंड के नौ ग्राम पंचायतों में विगत डेढ़ वर्ष से किया जा रहा है और अब तक 4000 से अधिक निरक्षर लोगों को इस कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाया जा चुका है` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री विजय आनंद वर्मा ने श्री शिव नाडर जी द्वारा चलाई जा रहे शिक्षा इनिशियेटिव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुये कार्यक्रम में उपस्थित नव साक्षरों के जोश एवं उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर हरेंद्र सिंह जी अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अपने विकास खंड को पूर्ण साक्षर करने के क्रम उड़ान सोसायटी एवं शिव नाडर फाउंडेशन की पहल एवं योगदान को सराहते हुए अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के दौरान जनशिक्षकों एवं नव साक्षरों के द्वारा आकर्षक एवं शिक्षा के महत्व को दशार्ने वाले नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए संस्था के डायरेक्टर राकेश कुमार नें बतलाया की इस कार्यक्रम में एक रिसोर्स कोर्डिनेटर, तीन फील्ड कोर्डिनेटर के अतिरिक्त वर्तमान में 20 जन शिक्षकों के द्वारा 15-15 शिक्षार्थियों के बैच में निरक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा नव साक्षरों को साक्षरता का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आर सी नासिर अली खान, एफ एस दिनेश कुमार,रत्नेश कुमार के साथ हीं साथ अन्नू सिंह एवं पवित्रा देवी के साथ संबन्धित ग्रामों में कार्यरत जन शिक्षकों के द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया ।

# दूसरी पत्नी ससुराल से नगदी और जेवर लेकर हुई फरार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** पहली पत्नी की मौत के बाद बच्चों के भविष्य को देखते हुए युवक ने दूसरी शादी की ,लेकिन कुछ ही महीनों के अंदर दूसरी पत्नी घर से ज्वेलरी और नगदी लेकर हुई फरार हो गई ।पीड़ित ने थाने में शिकायत की है ।दरअसल पूरा मामला थाना सासनी गेट इलाके के दुगार्पुरी पटेल नगर का बताया जा रहा है जहाँ एक व्यक्ति बंटी ने अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद अपने तीन बच्चों के भविष्य को देखते हुए पला साहिबाबाद की रहने वाली सिमरन नाम की महिला के साथ दूसरी शादी की थी लेकिन छ माह रहने के बाद अचानक उसकी पत्नी घर से बिना बताये कही चली जिसकी काफी दिनों तक तलाश की लेकिन छ माह बाद व्यक्ति की पत्नी घर वापस आ गयी और सिमरन के माफी मांगने के बाद युवक ने उसे रख लिया लेकिन एक माह रहने के बाद सिमरन घर के लोगो को खाने में नशीली दवा खिलाने के बाद घर में रखी सोने चांदी के ज्वेलरी और नगदी लेकर सुबह तड़के फरार हो गयी सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो सिमरन को गायब देख उसकी तलाश शुरू कर दी फिर थाने सासनी गेट में अपनी पत्नी सिमरन के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की वही पीड़ित पति बंटी ने उसकी पत्नी को खोजकर लाने वाले को उचित इनाम देने को भी कहा है।

वही पीड़ित पति बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पहली पत्नी बीमार रहती थी और लिवर खराब होने के चलते उसका मृत्यु हो गयी थी जिसके बाद मेरे भाइयों ने पला साहिवाबाद से मेरी दूसरी शादी सिमरन नाम कि लड़की से करा दी थी एक वर्ष पहले हमारी शादी हुई वो मेरे साथ करीब 6 महीने रही उसके बाद वो कही चली गयी उसके बाद वो 6 महीने बाद मेरे पास वापस आयी उसने मेरे हाथ जोड़े पैर छुए बोली कि मुझसे गलती हो गयी अब मुझे रखलो मेने उसे रख लिया अपने साथ और अब एक महीने रहने के बाद वो घर का सामान सोने चांदी कि ज्वेलरी और घर में रखे 45000 हजार रुपए लेकर भाग गयी हम सब को नींद कि दवा खिलाफ दी थी हम सब सो रहे थे और यें सामान लेकर फरार हो गयी हमने उसके भाई से भी कहा लेकिन उसने कुछ नहीं बताया आज मेने थाने में शिकायत कि है उन्होंने एप्लीकेशन ले ली है अब में यही चाहता हूँ कि पुलिस जल्द से जल्द कार्यवाही करें और उसे ढूंढ़कर मेरा सामान दिलवाये हम सबको नशे कि दवा खिलाकर यें गयी है हम तो सोते रह गए थे मेरे घर में मेरे तीन बच्चे है।

# हर घर जल योजना में तेजी, अप्रैल अंत तक 62 परियोजनाएं होंगी पूर्ण

## डीएम ने सड़क पुनरोद्धार कार्यो को गुणवत्तापरक ढ़ंग से पूर्ण करने के दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़ ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, गुणवत्ता एवं लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 84 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और इनके माध्यम से घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त 62 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिन्हें अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि 731 ट्यूबवेल के सापेक्ष 729, 731 पम्प हाउस के सापेक्ष 722, 729 ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के सापेक्ष 291 और 731 के सापेक्ष 521 क्लोरीनेशन कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 617 के सापेक्ष 543 सोलर प्लांट भी स्थापित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि पूर्ण परियोजनाओं की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। सड़क पुनरोद्धार कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां गलियां धंस गई हैं, उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में ग्राम प्रधानों के साथ हुई बैठक में पुनरोद्धार कार्यों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से न किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो स्वीकार्य नहीं हैं। जिलाधिकारी ने जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसहभागिता के बिना योजना का पूर्ण लाभ संभव नहीं है।

मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतों की पावती एवं उनके त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए सर्वाधिक शिकायत वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सीधे तौर पर जनहित एवं जल संरक्षण से जुड़ी है, इसलिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# खादी के शोध, डिजाइन, मानकीकरण के तहत मण्डलीय खादी सेमिनार 29 को छर्रा में

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़ ।** अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह द्वारा 29 मार्च को प्रात: 11 बजे से कृष्ण कुंज फार्म हाउस, निकट पीडब्ल्यूडी कार्यालय, छर्रा में मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान खादी उत्पादों की विशेषताओं, नवाचार, डिजाइन एवं रोजगार के अवसरों पर भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अलीगढ़ मण्डल, संजीदा बेगम ने आम जनमानस से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में सेमिनार में प्रतिभाग कर खादी के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और खादी वस्त्रों के उपयोग को अपनाकर स्वदेशी और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# एसडीएम से की खरंजे पर मवेशी बांधने की शिकायत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव मदनापुर गपचरिया निवासी शिवम सिंह ने एसडीम गोपाल शर्मा से शिकायत की है कि उनके गांव के पूरन सिंह पुत्र लाखन सिंह पश्चिम की तरफ वाले खरंजे पर मबेशी बांधते हैं साथ ही कंडे भी पाथते हैं उन्होंने कहा कि जब उनसे ऐसा करने से मना किया जाता है तो उक्त लोग दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज पर उतर आते हैं। उन्होंने खरंजे को मुक्त कराने की मांग की है।

# मेले में बच्चे के गले से ब्लेड मारकर लोकेट उड़ाने वाला शातिर दबोचा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**फतेहाबाद।** थाना फतेहाबाद क्षेत्र के नगला कदम स्थित खारी वाली माता मंदिर पर आयोजित मेले में एक शातिर चोर ने एक बच्चे के गले से ब्लेड मारकर पीली धातु का लोकेट पार कर दिया। लेकिन पीड़ित पिता और मौके पर मुस्तैद पुलिस टीम की सक्रियता से आरोपी भागने में सफल नहीं हो सका और उसे रंगे हाथ दबोच लिया गया।जानकारी के अनुसार गांव कोटरा निवासी गीतम सिंह शुक्रवार को अपने परिवार के साथ नगला कदम स्थित खारी वाली माता मंदिर मेले में नेजा चढ़ाने गए थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक ने वादी के पुत्र के गले में बंधे काले धागे को ब्लेड से काट दिया और उसमें लगा 'ओम' लोकेट लेकर भागने का प्रयास किया। अहसास होते ही शोर मचाया और वहां तैनात पुलिस टीम को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक तरुण धीमान के नेतृत्व में पुलिस टीम और वादी ने तत्काल घेराबंदी की और अभियुक्त को मौके से ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किया गया पीली धातु का 'ओम' लोकेट बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम दाताराम पुत्र शंकरलाल, निवासी ग्राम नगला नरि थाना डौकी बताया। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी थाना मन्टोला और थाना फतेहाबाद में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसे जेल भेज दिया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तरुण धीमान, उपनिरीक्षक श्रीकान्त वर्मा, मोहनवीर, अतुल कुमार शामिल रहे।




# महाराज जी बाबा की शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा

## धूमधाम से निकली महाराज जी बाबा की शोभायात्रा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** नगर में महाराज जी बाबा की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर में कई स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा करते हुये आरती उतारी गई।

प्रतिवर्ष की भांति निकलने वाली महाराज जी बाबा (श्री 1008 बाबा नैनसुख जी महाराज) की शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर कमेटी के मुख्य ट्रस्टी अरविंद गुप्ता द्वारा आरती कर किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड धार्मिक धुनों को बिखेरता हुआ चल रहा था। जिसके पीछे भगवान गणेश की झांकी, मां शेरा वाली की झांकी, काली अखाड़ा, राधा कृष्ण की झांकी चल रही थी। सबसे पीछे भव्य रथ पर बाबा नैनसुख का चित्र विराजमान था। शोभायात्रा मंदिर महाराज जी बाबा से जीटीरोड, घिरोर रोड तिराहा, सदर बाजार, गल्ला मंडी, दिवरई गेट, बाईपास मार्ग होती हुई मंदिर पर संपन्न हुई। इस अवसर पर महेंद्र लाल गुप्ता, अरविंद गुप्ता राजेश गुप्ता, गिरीश चंद्र गुप्ता, राजीव वर्मा, सचिन गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मोहित गुप्ता,बिट्टू गुप्ता, अनिल गुप्ता, अमन गुप्ता, सचिन वर्मा, मुकेश दीपक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# फतेहाबाद-शमशाबाद मार्ग पर तेल का टैंकर पलटा, ग्रामीणों में मची लूट

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद-शमशाबाद मार्ग पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सरसों के तेल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से तेल रिसने की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण पहुंच गए। लोग अपने घरों से बर्तन और बाल्टियाँ लेकर तेल बटोरने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और भीड़ को खदेड़कर यातायात सुचारू कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरसों के तेल से भरा टैंकर राजस्थान के बीकानेर से कोलकाता जा रहा था। शनिवार दोपहर जैसे ही टैंकर थाना क्षेत्र के ग्राम घाघपुरा के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर टैंकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हाइड्रा मशीनों की मदद से टैंकर को निकालने और सीधा करने का प्रयास किया गया, तो टैंकर के ऊपरी हिस्से से तेल का भारी रिसाव शुरू हो गया। देखते ही देखते सड़क किनारे बने गड्ढों में हजारों लीटर सरसों का तेल भर गया। घाघपुरा और आसपास के ग्रामीण डिब्बे, बाल्टी बर्तन लेकर मौके पर पहुँच गए। सड़क पर लोगों की भारी भीड़ और तेल लूटने की होड़ के कारण मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को घटनास्थल से हटाया गया।

# पत्रकार समाज कल्याण समिति की बैठक हुई संपन्न पत्रकारों को मजबूत बनाने का लिया गया संकल्प

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** पत्रकार समाज कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सेंटर पॉइंट कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के साथ-साथ विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान संगठन में महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वर्तमान जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं मुकेश कुमार सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, मोनिका चंद्रा को महिला विंग की जिलाध्यक्ष, ओमेंद्र कुमार धनगर को जिलाध्यक्ष अलीगढ़ तथा जितेंद्र ठाकुर को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की ताकत उसके कार्यकताओं और पत्रकार साथियों की एकजुटता में निहित है। हम सभी को मिलकर पत्रकारों के सम्मान, अधिकारों और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करना होगा। पत्रकार समाज की आवाज होते हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा हमारी प्राथमिकता है। संगठन को मजबूत बनाकर हम प्रत्येक पत्रकार की समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। नव नियुक्त राष्ट्रीय महासचिव दीपक चौधरी ने कहा कि ह्लमुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। संगठन को मजबूत बनाना और पत्रकार साथियों के हितों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लसंगठन को प्रदेश स्तर पर और अधिक सक्रिय किया जाएगा। पत्रकारों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित पत्रकार साथियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा पत्रकार हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव जहीर खान ने किया। इस अवसर पर पत्रकार श्याम सुंदर बालाजी, अतुल कुमार ,राजेन्द्र कुमार, ओमेंद्र कुमार धनगर, अखिल प्रताप सिंह, मोहम्मद आरिफ मनवीर सिंह महेंद्र पाल सिंह, हैप्पी राजा, ओमप्रकाश उर्फ बंटी कुमार, जितेंद्र कुमार, सुघड़पाल सिंह उर्फ सोनू, रवि कुमार, मोनिका चंद्रा, पूजा शर्मा, ममता, शबाना खान, मदन पाल सिंह, मनवीर सिंह, आशीष कपूर, सुहानी शर्मा, बरखा रावत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। सभी ने संगठन के निर्णयों का स्वागत करते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

# बिजली चोरी करने वाले 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**फतेहाबाद।** विद्युत उपकेंद्र वाजिदपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम रावर में विद्युत विभाग की टीम ने शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपभोग कर रहे 06 लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। विभाग की इस कार्यवाही से अवैध बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

एसडीओ गौरव राजपूत ने बताया कि शनिवार को जेई गगन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पहुंची टीम ने गांव रावर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान आधा दर्जन ग्रामीण बिना मीटर के सीधे मुख्य लाइन से कटिया डालकर बिजली का उपयोग करते पकड़े गए। जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। चेकिंग टीम में अवर अभियंता के साथ विभाग के अन्य तकनीकी कर्मचारी भी शामिल रहे।

## छोटी खबरें

### अफवाह ने ली महिला की जान, बेटे की पिटाई से फैली थी मौत की खबर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** चंदपा कोतवाली क्षेत्र के बिसाना गांव में रामनवमी मेले के दौरान मारपीट और अफवाह के चलते एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मेले के पास खेत में कुछ युवक शराब पी रहे थे, जिन्हें गांव निवासी पीतांबर उर्फ पप्पू ने रोकने की कोशिश की। इस पर युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल पीतांबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान गांव में अफवाह फैल गई कि उसकी मौत हो गई है। यह खबर सुनकर उसकी 60 वर्षीय मां कमला देवी को गहरा सदमा लगा और उनकी मौत हो गई। बाद में स्पष्ट हुआ कि पीतांबर जीवित है और उसका इलाज चल रहा है।घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात नियंत्रित किए और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हाईवे हादसे में साइकिल सवार की मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मथुरा-बरेली नेशनल हाईवे पर हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव एवरनपुर के पास सड़क हादसे में 55 वर्षीय हमीद खान की मौत हो गई। वह सिलाई का काम करते थे और रात में शहर से अपने गांव लौट रहे थे।हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

### थाना समाधान दिवस में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना हाथरस जंक्शन में जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिंहा ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का मौके पर मुआयना कर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।भूमि संबंधी मामलों में भौतिक सत्यापन अनिवार्य करने, अवैध अतिक्रमण हटाने और अपराधियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। फरियादियों से शालीन व्यवहार पर भी जोर दिया गया तथा लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।निरीक्षण के दौरान साइबर हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र का अवलोकन कर महिला शिकायतों के प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पेट्रोल-डीजल व गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनपद में पेट्रोल-डीजल और गैस की उपलब्धता व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिंहा ने हाथरस जंक्शन स्थित पेट्रोल पम्प, मेंडू की गैस एजेंसियों व गोदाम का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण में पेट्रोल-डीजल की स्थिति सामान्य पाई गई। वर्मा फार्म फ्यूल सेंटर पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद मिला और उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर ईंधन उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों ने ग्राहकों से बातचीत कर भी स्थिति का जायजा लिया।मेंडू स्थित इंडियन गैस एजेंसी व भारत गैस गोदाम के निरीक्षण के दौरान स्टॉक विवरण नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने और नियमित अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही समयबद्ध व पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया।जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, घबराने की जरूरत नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा गया।

### ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल वत्स ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम की सील प्रतिनिधियों के समक्ष खोली गई और मशीनों का अवलोकन कराया गया।निरीक्षण में वेयरहाउस की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। बताया गया कि सभी ईवीएम व वीवीपैट सुरक्षित हैं और 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था तैनात है। निरीक्षण के बाद भ्रमण पंजिका पर हस्ताक्षर किए गए।इस दौरान संबंधित अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कोल्ड ड्रिंक के पैसे को लेकर विवाद, युवक की गोली मारकर हत्या

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** ग्राम बरसै में कोल्ड ड्रिंक के पैसे को लेकर हुए विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रजित सोलंकी अपनी दुकान पर थे, तभी आरोपी रन्नू ने कोल्ड ड्रिंक लेने के बाद पैसे देने से इनकार कर दिया। पैसे मांगने पर आरोपी ने पिस्टल से गोली मार दी।गंभीर रूप से घायल रजित को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से आगरा रेफर किया गया। 25 मार्च 2026 को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रन्नू को सासनी-इगलास रोड से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### महिला से छेड़छाड़ विरोध करने पर दबंग ने पीटा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** कोतवाली सासनी क्षेत्र के एक गांव में बाजार से लौट रही विवाहिता के साथ दबंग शोहदे ने छेड़छाड़ की महिला ने जिसका विरोध किया तो शोहदे में उसकी पिटाई लगा दी। पीड़िता ने कथित शोहदे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी एक महिला शुक्रवार की शाम सासनी बाजार आई थी। जो काम निबटाकर अपने गांव लौट रही थी। आरोप है कि जब वह गांव के रास्ते में पोखर के पास पहुंची, तभी गांव के नामजद ने उसे रास्ते में रोक लिया, पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीडिता ने जब विरोध किया और शोर मचाया, तो नामजद ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराब और चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्र होने लगे तो नामजद पीडिता को गंदी-गंदी गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। पीड़िता ने घटना की तहरीर कोतवाली में देते हुए कथित नामजद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### राम नवमी पर रोटी बैंक में भक्ति कार्यक्रम व भोजन वितरण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा राम नवमी के अवसर पर गांधी तिराहा स्थित रोटी बैंक में श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान राम की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई, इसके बाद पंचामृत स्नान और अभिषेक किया गया।सामूहिक रूप से राम रक्षा स्तोत्र व भजनों का पाठ किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया।संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में आदर्शों और मानव मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए जाते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य मौजूद रहे।

## स्कूल फीस और सुविधाओं में मनमानी पर सख्ती डीएम के निर्देश, नियम तोड़े तो एफआईआर व मान्यता रद्द

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में निजी स्कूलों की फीस, यूनिफॉर्म, किताबें और परिवहन व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए। डीएम ने साफ कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ एफआईआर, जुमार्ना और मान्यता रद्द जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) एक्ट 2009 और उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम-2018 के प्रावधानों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी स्कूल संचालकों और प्रिंसिपलों को निर्देशित किया कि वे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर स्कूल फीस, परिवहन शुल्क, शैक्षणिक भ्रमण, अन्य गतिविधियों से जुड़े सभी शुल्कों का स्पष्ट विवरण और प्रिंसिपल का संपर्क नंबर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। डीएम ने कहा कि बिना अनुमति फीस में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी और उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर समिति की स्वीकृति के बाद ही शुल्क बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने हर साल यूनिफॉर्म बदलने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों द्वारा किसी एक दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करने पर सख्त नाराजगी जताई और इस पर रोक सुनिश्चित करने को कहा। आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने वाले स्कूलों पर भी जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए, बाद में औपचारिकताएं पूरी की जाएं। अभिभावकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी। बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा और फिटनेस को लेकर भी सख्ती दिखाई गई। डीएम ने 1 से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूल वाहन पूरी तरह फिट होने चाहिए और उनमें जीपीएस, प्रशिक्षित चालक व आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से होने चाहिए। बिना परमिट या फिटनेस वाले वाहनों से बच्चों का परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को वाहन चलाकर स्कूल आने की अनुमति नहीं होगी। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, डीआईओएस चन्द्रशेखर, बीएसए जितेंद्र गौड़ समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी और निजी स्कूलों के संचालक व प्रिंसिपल उपस्थित रहे।

## श्रीरामनवमी पर 49वां ऐतिहासिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न, निकली भव्य शोभायात्रा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** नगर में श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर 49वां ऐतिहासिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव का शुभारंभ परंपरा के अनुसार किया गया। कार्यक्रम के तहत ध्वजारोहण कर शोभायात्रा के संस्थापक स्व. मदन मोहन वार्ष्णेय की स्मृति को नमन किया गया। ध्वजारोहण की रस्म चंद्र वार्ष्णेय द्वारा संपन्न कराई गई।मेला उद्घाटन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ एसबीएस यूनियन स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विकास सिंह ने फीता काटकर किया, जबकि डॉ. विकास शर्मा ने विधि-विधान से देवी पूजन संपन्न कराया।शोभायात्रा के दौरान नगर की गलियां ‖जय श्री राम‖ के उद्घोष से गुंजायमान रहीं। विभिन्न आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।महोत्सव को सफल बनाने में मेला अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालता प्रसाद माहौर, दीपेश वर्मा, प्रवीण वर्मा, सभासद सुरेंद्र वार्ष्णेय, कमल शर्मा, निशांत वार्ष्णेय, आकाश सिंह, निर्भय वार्ष्णेय, विक्रांत गुप्ता, ललित वार्ष्णेय, भावुक शर्मा (गोलू) और निर्मल वार्ष्णेय सहित अनेक लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## गांव बरसै की घटना का हत्यारोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। करीब पांच दिन पूर्व ग्राम बरसै में घर से बाहर दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पीने आए युवक को गोली लग गई थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बार पीडित परिजनों ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। जिसके आधर पर पुलिस ने एक अरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की है।

शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार रंजीत सोलंकी अपनी दुकान पर थे, तभी आरोपी रन्नू पुत्र हुकम सिंह ने कोल्ड ड्रिंक ली। जब रंजीत ने पैसे मांगने पर मना किया, तो आरोपी ने पिस्टल से गोली मार दी। रंजीत को जिलाचिकित्सालय ले जाया गया और बेहतर इलाज के लिए आगरा के श्री हरि हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। 25 मार्च दिन बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हाथरस, चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी रन्नू को सासनी इगलास रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार और उनकी टीम थाना सासनी शामिल थी। पुलिस शेष अभियुक्तों की तलाश में लगातार प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपी रन्नू पुत्र हुकम सिंह निवासी हतीशा, थाना हाथरस गेट, जनपद हाथरस का बताया गया है।

## गर्मी की छुट्टियों से पहले ट्रेनों में आरक्षण फुल, यात्री परेशान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। गर्मी की छुट्टियों का सीजन शुरू होने से पहले ही ट्रेनों में सीटों के लिए मारामारी शुरू हो गई है। हालात यह हैं कि लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में अगले 60 दिन तक के आरक्षण तेजी से फुल हो रहे हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सबसे अधिक दबाव वैष्णो देवी और मुंबई रूट की ट्रेनों पर देखा जा रहा है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी सीट मिलना मुश्किल हो गया है। यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए काफी पहले से प्रयास करना पड़ रहा है, इसके बावजूद सफलता नहीं मिल पा रही।रेलवे आरक्षण काउंटर और ऑनलाइन बुकिंग में सुबह 8 बजे जैसे ही 60 दिन बाद की बुकिंग शुरू होती है, लोग तुरंत टिकट कराने में जुट जाते हैं। कुछ ही घंटों में दोपहर तक अधिकांश सीटें फुल हो जाती हैं।

ऐसे में बड़ी संख्या में यात्रियों को वेटिंग टिकट लेना पड़ रहा है।यात्रियों का कहना है कि वे शुरूआती वेटिंग के सहारे टिकट ले रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि यात्रा की तिथि तक उनका टिकट कन्फर्म हो जाएगा। हालांकि बढ़ती मांग के चलते वेटिंग क्लियर होना भी अनिश्चित बना हुआ है।यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएं या स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाकर समय रहते टिकट बुक कर लें।

## छात्राओं के सपनों को लगे पंख: साइकिल पाकर खिल उठे चेहरे, शिक्षा की राह हुई आसान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**फिरोजाबाद।** बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कोमल फाउंडेशन ने मुथूट फाइनेंस के सहयोग से श्रीमती रेवती देवी बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज, पैमेश्वर गेट में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान 25 जरूरतमंद छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल ने शिरकत की। इसके अलावा कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया, मुथूट फाइनेंस फिरोजाबाद के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा और विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सोनम सेठ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की पहलें छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं और उनकी स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने में मददगार साबित होती हैं। वहीं नीरज पटेल ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी बेटियों को शिक्षा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है और यह पहल एक प्रेरणादायक उदाहरण है। कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। मुथूट फाइनेंस के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत संस्था लगातार समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और यह पहल भी उसी का हिस्सा है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सोनम सेठ ने इस सहयोग को छात्राओं के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता आएगी और वे अपने लक्ष्य की ओर और अधिक मजबूती से आगे बढ़ सकेंगी। कार्यक्रम में ताज सेवा समिति के अध्यक्ष सलीम धम्मू, कोमल फाउंडेशन के अनिल कुमार वर्मा, राहुल यादव समेत विद्यालय की शिक्षिकाएं और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लेबर कॉलोनी में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 9 एवं 11 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में कुल 1135 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।इसके अलावा सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा (मेधावी परीक्षा) तथा वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बच्चों के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें पुरुषोत्तम दास राठी (अध्यक्ष), शरद तिवारी (उपाध्यक्ष), मनोज अग्निहोत्री (अध्यक्ष शिशु मंदिर/प्रबंधक), दीपक शर्मा (समिति सदस्य), अनु विमल (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, सेवा भारती), प्रतिभा भारद्वाज (जिला कार्यकारिणी सदस्य, सेवा भारती), टिंकू सिंह राणा (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), प्रमोद कुमार (ऑडिटर), उमाशंकर गुप्ता (भारत विकास परिषद/आरएसएस), सुनील पंडित (सभासद, वार्ड 34), नवीन सबलोक (सभासद), मुकेश बंसल, प्रबल प्रताप सिंह तथा शुभम एलानी (धर्म जागरण मंच) प्रमुख रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजेश कुमार शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेन्द्र नाथ शर्मा ने वर्षभर में आयोजित प्रतियोगिताओं, परीक्षाओं एवं खेलकूद गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।समारोह का समापन हर्षोल्लास और विद्यार्थियों के उत्साह के साथ हुआ।

## भक्तिमय माहौल में निकली कलश यात्रा के साथ श्री हनुमंत कथा का शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** कस्बा सासनी के श्रीरामलीला मैदान में हनुमान बाल मेला कमेटी के बैनरतले पांच दिवसीय श्री हनुमंत कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसके उपलक्ष में प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा का आयोज किया गया। मुख्य यजमान नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव वार्ष्णेय एवं उनकी पत्नी श्रीमती प्रगति वार्ष्णेय ने आचार्य पंडित राजकृष्ण महाराज द्वारा विधि-विधान पूर्वक बोले गये वेदमंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। इसके पश्चात बैंड-बाजे और भक्ति गीतों के साथ भव्य कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्रक्रम में दोपहर से कथा व्यास आचार्य अतुल कृष्ण महाराज ने श्री हनुमंत कथा का वाचन किया। उन्होंने हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री हनुमान जी जहां भक्ति और शक्ति के अनन्य प्रतीक हैं।

वहीं वह ही आज के समय में भूलोक की रक्षा में जुटे हैं। उनकी कथा सुनने से जीवन के सभी संकटों का नाश होता है इसलिए वह संकटमोचन कहे जाते हैं। कथा के दौरान पूरा पंडाल जय श्री राम और जय श्री हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर हनुमान बाल मेला कमेटी के दिनेश कुमार वार्ष्णेय, विपिन कुमार अग्रवाल,संजय शर्मा, गुड्डू पालीवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता,जयप्रकाश पाठक, अजय वार्ष्णेय, आदि मौजूद थे। वहीं कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक हनुमंत कथा का निरंतर प्रवाह जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

## महाराणा प्रताप शोभायात्रा के अध्यक्ष का जोरदार स्वागत, पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** आगरा रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष कपिल राघव द्वारा महाराणा प्रताप शोभायात्रा के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल सिसोदिया व उनकी कमेटी का पगड़ी पहनाकर एवं चित्र भेंट कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वालों में ब्रिजेन्द्र सिंह, रघुराज सिंह पौरुष, मदन राघव, प्रविन राघव हेमकांत शर्मा, नीरज शर्मा, दिनेश उपाध्याय, दीपक राघव, किशोर राघव, सौरभ राघव, मनीष पौरुष, भानु प्रताप सिंह चौहान, यश राघव, सिद्धार्थ तौमर, केशव राघव, शिवम राघव, माधव राघव रहे। शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने वहां उपस्थित सभी को शोभायात्रा का निमंत्रण दिया और कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मतेंद्र सिंह गहलोत, जोगेंद्र सिंह, मनोज सिसोदिया प्रधान परसारा, संयोजक संदीप सिसोदिया, हरीश सेंगर, अमित पौरुष, छोटू राणा, आशीष जादौन, प्रवीण सिसोदिया, मधुर, मोना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# रामनवमी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जुलूस मार्गों का किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगनीपुर/कानपुर देहात।** राम नवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्राओं को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने थाना अकबरपुर और थाना भोगनीपुर क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों व जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने जुलूस मार्गों पर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू करने, भीड़भाड़ वाले चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही आयोजकों और स्थानीय लोगों से समन्वय बनाकर कार्यक्रमों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों से भी वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और सभी से पर्व को शांति व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर व भोगनीपुर सहित संबंधित थानों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति को समर्पित द नारी पावर नाइट का आयोजन, उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान



मोर्निंग सिटी संवाददाता

इटावा। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां देवी भोजेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला भिखन भतौरा में ह्यद नारी पावर नाइटह्न कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देवी स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुतियां और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सेना, कृषि समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली करीब दर्जन भर महिलाओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक एडवोकेट निखिल शाक्य ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ समाज में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नायब नाजिर प्रेम सिंह शाक्य ने कहा कि नारी समाज की आधारशिला है और उनके सशक्त होने से ही राष्ट्र का विकास संभव है। मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंधक एवं ॳेंर्द्धं ढं१३८ के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ह्यबबलूह्न ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य और राष्ट्रीय एथलीट दीपी सिंह ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संस्थान की सफल पूर्व छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में डांडिया नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# श्री राम जानकी मंदिर रामताल पर मनाया गया राम जन्मोत्सव, बांटा गया प्रसाद

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अहेरीपुर/इटावा।** कस्बे में अन्दावाझअछल्दा मार्ग से गोपियांपुर जाने वाले संपर्क मार्ग के किनारे स्थित श्री राम जानकी मंदिर रामताल में राम नवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर ठीक बारह बजे श्रीराम स्तुति ह्नभये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद मंदिर के पुजारी जितू गौड़ ने भगवान श्रीराम की आरती कर श्रद्धालुओं में चरणामृत वितरित किया। दोपहर बाद भगवान को भोग अर्पित करने के बाद पूड़ी, सब्जी और बूंदी के लड्डुओं का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर राकेश राठौड़, शिवांश राठौड़, पुद्दन कुशवाह, बड़े ठाकुर, सुभाष सविता, सनी सविता, उत्तेज गौड़, मनु गौड़, मनोज बाथम, नीलम गौड़, सरोज राजावत सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**इटावा।** महेवा ब्लॉक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बृज बिहारी त्रिपाठी ने की, जबकि संचालन एवं देखरेख सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने की। बैठक में एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने गांवों में रोस्टर बनाकर साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि अभियान में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, शिक्षा, बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करेंगे। लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैलियां भी निकाली जाएंगी। बैठक में सीडीपीओ मनोरमा पांडेय, एडीओ प्रवीण शाक्य, एडीओ हर्ष कुमार, स्वास्थ्य विभाग से उपेंद्र कुमार सहित कई ग्राम प्रधान व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों का डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण संपन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा।** महेवा ब्लॉक सभागार में पंचायती राज विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम प्रधानों का डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रधानों को कंप्यूटर आधारित पंचायत भुगतान, कार्ययोजना तैयार करने और ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण लखनऊ से आई प्रशिक्षक मांडवी मिश्रा और अर्चना बाजपेई ने दिया। उन्होंने इंटरनेट के उपयोग और दुरुपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी बृज बिहारी त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने ग्राम प्रधानों से नियमित बैठकें करने, योजनाओं को वेबसाइट पर अपलोड करने और कार्ययोजना के आधार पर ही कार्य करने की अपील की। प्रशिक्षण में कुमुद सिंह, आशाराम राठौर, राजेश कुमार, सत्यवती, हाकिम सिंह, गजेंद्र सिंह राजावत, पूनम देवी, दीपक कुमार सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कानपुर देहात, 28 मार्च। संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में जनपद में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राकेश सचान, अजीत सिंह पाल, प्रतिभा शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों में कपिल सिंह और श्रद्धा नरेंद्र पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जर्जर तारों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को किसानों के लिए प्रशिक्षण, खाद-बीज की उपलब्धता और योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर देने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर उपचार और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर निकायों और पंचायत विभाग को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा विभिन्न विभागों को सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने को कहा गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप मजबूत कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए विकास कार्यों को गति दी जाए और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में दिए गए निदेर्शों का समयबद्ध पालन कराने का आश्वासन दिया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, दुर्घटनाएं रोकने के दिए निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात, 28 मार्च।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कपिल सिंह ने की, जबकि श्रद्धा नरेंद्र पांडेय भी उपस्थित रहीं।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन, ब्लैक स्पॉट सुधार और जनजागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय व राज्य मार्गों के किनारे हुए अवैध अतिक्रमण हटाने तथा अवैध टैक्सी और बस स्टैंड के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रमुख चौराहों व विद्यालयों के आसपास स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप और संकेतक बोर्ड लगाने के साथ हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने को कहा। विद्यालयी वाहनों की फिटनेस जांच कराने तथा मानकों पर खरे न उतरने वाले वाहनों को संचालन से बाहर करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि बारा से कालपी मार्ग पर मरम्मत कार्य जारी है, जिसे शीघ्र पूरा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने दुर्घटना की सूचना मिलने पर ह्यगोल्डन आवरह्न में राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने तथा स्कूलों और गांवों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक




मोर्निंग सिटी संवाददाता

कानपुर देहात, 28 मार्च। जनपद में अभियोजन कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कपिल सिंह ने की।

बैठक में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति, प्रभावी पैरवी, साक्ष्य प्रस्तुतिकरण तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों और शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि सभी मामलों में तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि गंभीर मामलों में शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि अभियोजन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। लंबित मामलों की नियमित निगरानी कर समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भागवत कथा समापन पर भंडारा, हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा।** महेवा कस्बे में स्थित मां कालिका देवी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आध्यात्मिक कार्य समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिला-पुरुषों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य माना। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, सहकारी संघ अध्यक्ष राजीव चौधरी, मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापक विजय कुमार तिवारी, समाजसेवी राजीव तिवारी सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष गगन पोरवाल, महामंत्री वैभव पोरवाल, नरेश पोरवाल, संतोष पोरवाल समेत कस्बे के कई व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में जुटे रहे।

# महिला से दुष्कर्म व हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गजनेर/कानपुर देहात। थाना गजनेर में वर्ष 2014 में दर्ज हत्या, दुष्कर्म और धमकी के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में आरोपी छविनाथ सिंह उर्फ छुन्ना सिंह पुत्र शिवरतन निवासी ग्राम रामदास का पुरवा थाना बिधूना जनपद औरैया के खिलाफ थाना गजनेर में हत्या, दुष्कर्म, गाली-गलौज व धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान साक्ष्य और गवाहों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रकरण की प्रभावी पैरवी के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत अभियोजन पक्ष ने सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए। माननीय न्यायालय एडीजे/एफटीसी-1, कानपुर देहात ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा 1 लाख 80 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 10 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह फैसला महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 2027 के विधान सभा चुनाव में गठबंधन से परहेज करना चाहिए

मोर्निंग सिटी संवाददाता

उत्तर प्रदेश की राजनीति में पिछले कई वर्षों से कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों के साथ कई तरह के राजनीतिक प्रयोग किए हैं। कभी बहुजन समाज पार्टी तो कभी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया गया। लोकसभा चुनाव में महान दल जैसे छोटे दलों के साथ भी तालमेल बनाया गया। लेकिन इन प्रयोगों से कांग्रेस को अपेक्षित राजनीतिक लाभ नहीं मिला। कई बार यह देखने को मिला कि कांग्रेस का वोट सहयोगी दलों को तो ट्रांसफर हो गया, लेकिन उन दलों का वोट कांग्रेस को बहुत कम मिला।

यदि हाल के लोकसभा चुनाव को देखें तो समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत कांग्रेस को 17 सीटें मिलीं। इनमें से अधिकांश सीटों पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और केवल कुछ सीटों पर ही जीत मिली। जिन सीटों पर कांग्रेस जीती, वहां उम्मीदवारों का अपना व्यक्तिगत जनाधार भी एक महत्वपूर्ण कारण रहा। वहीं समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन कांग्रेस की तुलना में काफी बेहतर रहा।

गठबंधन की राजनीति का एक असर पार्टी के कार्यकताओं पर भी पड़ता है। कांग्रेस के कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से सहयोगी दलों के उम्मीदवारों को जिताने के लिए काम किया, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कई स्थानों पर उन्हें अपेक्षित सम्मान और संवाद नहीं मिला। इससे कार्यकताओं के मन में निराशा और असंतोष पैदा होता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू मतदाताओं की मनोस्थिति का है। कई बार ऐसा देखा गया है कि कुछ मतदाता कांग्रेस को वोट देना चाहते हैं, लेकिन गठबंधन की वजह से वे मतदान नहीं करते। वहीं जिन क्षेत्रों में कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं होता, वहां कई कार्यकर्ता पूरे मन से गठबंधन दल के प्रत्याशी के लिए काम नहीं कर पाते। कुछ मामलों में तो कार्यकर्ता अंततः उसी दल में शामिल हो जाते हैं जिसके उम्मीदवार को जिताने के लिए उनसे कहा जाता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मेरा मानना है कि कांग्रेस को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में गठबंधन की राजनीति से दूरी बनाकर अपने दम पर चुनाव लड़ने पर विचार करना चाहिए। इससे पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा और वे पूरी सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करने में जुट सकेंगे। चुनाव में अब बहुत अधिक समय शेष नहीं है। इसलिए यदि पार्टी नेतृत्व स्पष्ट निर्णय ले लेता है तो कार्यकताओं के बीच का असमंजस भी समाप्त होगा और वे अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूती से काम कर पाएंगे। भले ही तत्काल सत्ता न मिले, लेकिन पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी स्थिति बेहतर कर सकती है। अंत में पार्टी नेतृत्व से एक विनम्र आग्रह है कि टिकट वितरण में भी सावधानी बरती जाए। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर दल-बदल कर आने वाले नेताओं को प्राथमिकता देने के बजाय पुराने और समर्पित कार्यकताओं को अवसर दिया जाए। यदि समय रहते उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाए तो वे अपने क्षेत्र में संगठन और जनाधार को मजबूत करने के लिए पर्याप्त समय पा सकेंगे।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान, भटके बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**जसवंतनगर/इटावा।** मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत थाना जसवंतनगर पुलिस ने नगर क्षेत्र में महिला सुरक्षा और जागरूकता को लेकर अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सदर बाजार, कटरा खूबचंद, जनाना मार्केट, रामलीला रोड, सराफा बाजार और केला देवी मंदिर क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक भटके हुए बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया। पुलिस को केला देवी मंदिर के पास एक लगभग 11 वर्षीय बालक रोता हुआ मिला, जो अपने घर का सही पता नहीं बता पा रहा था। पुलिस टीम बालक को थाने लेकर आई, जहां महिला आरक्षी श्वेता और सुरेखा ने काउंसिलिंग की। बालक ने अपना नाम कुलदीप बताया, जिसके आधार पर कानपुर देहात के थाना भोगनीपुर पुलिस से संपर्क किया गया। सूचना मिलने पर बालक के पिता उमेश तिवारी थाना पहुंचे। आवश्यक सत्यापन के बाद पुलिस ने बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया।

# रेलमंडी में बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड, नौ घरों में बिजली चोरी पकड़ी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर/इटावा।** मोहल्ला रेलमंडी में बिजली विभाग की प्रवर्तन टीम ने मॉर्निंग रेड अभियान चलाकर बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने करीब 30 घरों की जांच की, जिसमें 9 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। जेई आलोक कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान कई घरों में कटिया डालकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली उपयोग किए जाने के मामले सामने आए। विभाग ने सभी आरोपित उपभोक्ताओं के खिलाफ ए्रीॖ३१ू३८ अूॖ३ 2003 के तहत मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जेई आलोक कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान में जेई कौशल पांडेय, प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह, टीजी-2 और लाइन स्टाफ भी मौजूद रहा। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

# भारत विकास परिषद संस्कार शाखा ने 16 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया



मोर्निंग सिटी संवाददाता

जसवंतनगर/इटावा। भारत विकास परिषद की संस्कार शाखा द्वारा 16 गरीब कन्याओं का निःशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। रामलीला मार्ग स्थित मिडिल स्कूल परिसर के रामलीला मंच पर सभी कन्याओं का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवपाल सिंह यादव उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए संस्था के इस सामाजिक कार्य की सराहना की।

संस्कार शाखा के अध्यक्ष हरिमोहन राजपूत, श्याम मोहन गुप्ता, जवाहरलाल शाक्य और मनोज गुप्ता सहित पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। संस्था के प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को विवाह का अवसर मिला। समारोह के अंत में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना की।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम, लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र व टूलकिट

मोर्निंग सिटी संवाददाता




कानपुर देहात, 28 मार्च। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार निषाद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रतिभा शुक्ला, अजीत सिंह पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान, कपिल सिंह तथा श्रद्धा नरेंद्र पांडेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक और टूलकिट वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के बाद मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने पत्रकारों से वार्ता कर सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

# अभियान चलाकर कई आरोपियों को किया गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अकबरपुर थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामले में दो आरोपियों राणा रिपू दमन उर्फ मोहन सिंह सेंगर और अनंत सिंह को गिरफ्तार किया। वहीं डेरापुर थाना पुलिस ने वांछित आरोपी देवेंद्र शरण उर्फ घुर्रे मिश्रा को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। गजनेर थाना पुलिस ने महिलाओं के साथ अशोभनीय हरकत करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा शिवली और भोगनीपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध देशी शराब के साथ आरोपियों को पकड़कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने विभिन्न थानों में कुल 16 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीएनएसएस की धाराओं के तहत चालान भी किया।

## छोटी खबरें

### शिक्षक के साथ मारपीट व फायरिंग के मामले में कोर्ट के आदेश के बाद रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के घिनौना गांव के निकट गत 16 जनवरी को शिक्षक के साथ हुई मारपीट, फायरिंग के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पांच नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। कोर्ट के आदेश पर ढोलना थाना में दर्ज हुई रिपोर्ट में शिक्षक हाशिम बेग निवासी धान मील रोड बड्डू नगर कासगंज ने बताया है कि वह ढोलना के घिनौना गांव के प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षक के रूप में कार्यरत है। घटना गत 16 जनवरी की सुबह नौ बजे की है। वह बाइक से ढोलना के घिनौना गांव स्थित सरकारी विद्यालय में पढ़ाने जा रहा था, तभी गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले आकिब निवासी सोरों रोड सहावर ने उसे तमंचा के बल पर रोक लिया। इसके बाद आसिम खां निवासी दोदपुर सिविल लाइंस अलीगढ़, निदा खान निवासी सोरों रोड सहावर, रुस्तम खान निवासी ओखला दिल्ली, सहीफा निवासी ओखला दिल्ली व दो अज्ञात लोग पहुंच गए और उससे कहासुनी करने लगे और तलाक के बदले 20 लाख रुपये मांगे। जब कहासुनी अधिक बड़ी और लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू की तो वह बाइक लेकर भागा, इसी दौरान पीछे से फायर किया, जिससे वह बाल-बाल बचा। फायरिंग की आवाज पर गांव के लोग उसकी ओर दौड़े। तभी आरोपी चले गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रन फॉर एम्पावरमेंट से महिला सुरक्षा को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** मिशन शक्ति अभियान के फेज पांच के द्वितीय चरण के तहत जनपद में शनिवार को रन फॉर एम्पावरमेंट जागरूकता दौड़ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें समाज में अपनी सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। दौड़ के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। दौड़ का शुभारंभ डीएम प्रणय सिंह, एसपी ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बीएवी इंटर कॉलेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वीएवी इंटर कालेज से शुरू हुई दौड़ रिजर्व पुलिस लाइन पर जाकर संपंन हुई। दौड़ में महिला पुलिस कर्मियों, स्कूली छात्राओं, शिक्षिकाओं और स्थानीय महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इसके माध्यम से सरकार की ओर से संचालित हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112, 181, 1098 और पिंक बूथ की जानकारी दी गई। दौड़ के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एएसपी सुशील कुमार, सीओ नगर आंचल चैहान,सीओ लाइन शाहिदा नसरीन, राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़, जयंत गुप्ता, कलावती इंटर कॉलेज, बीएवी इंटर कॉलेज की छात्राएं एवं समस्त महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।

### नगर पालिका में नवनिर्वाचित सभासदों ने ली शपथ, विकास के प्रति जताई प्रतिबद्धता



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**टूंडला।** नगर पालिका परिषद में शुक्रवार को नवनिर्वाचित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहां सभी सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। समारोह में एसडीएम टूंडला ने सभी नवनिर्वाचित सभासदों को शपथ दिलाई और उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह ठेकेदार तथा ब्लॉक प्रमुख नाकी के प्रतिनिधि सुशील चक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शपथ लेने वाले सभासदों में दिनेश गुप्ता, नीलम दिवाकर, महेंद्र झा, राहुल एडवोकेट और विजय प्रजापति प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने क्षेत्र के विकास, पारदर्शिता और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर अन्य सभासदों और स्थानीय नागरिकों की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही, जिससे समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत इटोरा में महिला स्वास्थ्य शिविर, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य की मौजूदगी में हुआ आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** जनपद के ग्राम इटोरा (ग्राम पंचायत बौरली अहीर) में शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। सुबह करीब 9:30 बजे शुरू हुए इस शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सा टीम द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया और आवश्यक जांच व उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मिशन शक्ति 5.0 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर लगातार प्रतिबद्ध है। ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर वर्तिका दीक्षित, चिकित्सा विभाग से डॉ. अमित और उनकी टीम के साथ-साथ ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान ग्रामीण महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की।

### कमिश्नरेट का सख्त एक्शन: दो थाना प्रभारी लाइन हाजिर, चार थानों की कमान बदली

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** पुलिस कमिश्नरेट आगरा में सख्ती का बड़ा संदेश देते हुए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने देहात क्षेत्र में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस कार्रवाई के तहत बासौनी थाना प्रभारी सतेंद्र पाल और पिनाहट थाना प्रभारी मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। दोनों पर गिरी इस गाज के बाद पूरे पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है और अधिकारियों के बीच सतर्कता बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में थानों की कार्यशैली, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और कानून-व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों की समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर कारण स्पष्ट नहीं किए गए हैं, लेकिन इसे जवाबदेही तय करने और फील्ड में प्रदर्शन सुधारने की दिशा में कड़ा कदम माना जा रहा है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत फिरोजाबाद में चला व्यापक जागरूकता अभियान, स्कूल-कॉलेज से गांव तक महिलाओं को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद फिरोजाबाद में पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल ने गांव, स्कूल, कॉलेज, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं से सीधा संवाद किया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया।

साथ ही साइबर अपराध से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिसकर्मियों ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी विस्तार से दी, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। शनिवार को अभियान के तहत थाना नसीरपुर के एसएलआर इंटर कॉलेज सोरारा और ग्राम फतेहपुर करखा, थाना रामगढ़ के श्री गोमा देवी इंटर कॉलेज, थाना जसराना के शिवपाल इंटर कॉलेज, थाना मटसेना क्षेत्र के मंदिर परिसर, थाना फरिहा, रसूलपुर, खैरगढ़, लाइनपार, टूण्डला, मक्खनपुर, नगला सिंघी, बसई मोहम्मदपुर और पचोखरा समेत कई स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में छात्राओं और महिलाओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा समेत अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस या महिला बीट कर्मियों से संपर्क करें।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जिले में लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है, जिससे समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बनाया जा सके।

## निजी ट्रांसफार्मर से जबरन कनेक्शन देने का आरोप, जेई सोरों के खिलाफ मंदिर कमेटी का विरोध




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** तीर्थ नगरी सोरों कोतवाली क्षेत्र स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए निजी ट्रांसफार्मर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर कमेटी ने सोरों बिजलीघर पर तैनात जेई पर आरोप लगाया है कि वह जबरन इसी निजी ट्रांसफार्मर से किसी अन्य व्यक्ति को नया विद्युत कनेक्शन देने का प्रयास कर रहे हैं।

मंदिर कमेटी के सदस्य गौतम मिश्रा ने बताया कि मंदिर में विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर को विभाग से विधिवत स्वीकृति लेकर निजी खर्चे पर स्थापित कराया गया था। इसके बावजूद जेई द्वारा अन्य व्यक्ति को कनेक्शन देने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसका कमेटी ने विरोध किया है। इस संबंध में कमेटी ने मुख्य अधीक्षक अभियंता को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही 1912 हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, जहां अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निजी खर्च से लगाए गए ट्रांसफार्मर से बिना अनुमति किसी अन्य को कनेक्शन देना उचित नहीं है। कमेटी के सदस्यों का यह भी आरोप है कि जेई द्वारा बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे मंदिर की गरिमा प्रभावित हो रही है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर आक्रोश व्याप्त है और समिति ने जल्द से जल्द उचित कार्वाई की मांग की है।

### 1.4 किलो के नवजात को मिली नई जिंदगी, एसएन के डॉक्टरों ने किया कमाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** एस.एन. मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक बेहद कठिन केस में सफलता हासिल करते हुए 1.4 किलो के नवजात बच्चे की जान बचा ली। जन्म के समय बच्चे की आंतें पेट के बाहर थीं, जिसे गैस्ट्रोस्चिसिस कहा जाता है। यह स्थिति बेहद खतरनाक मानी जाती है। बच्चे को गंभीर हालत में तुरंत एनआईसीयू में भर्ती किया गया। सर्जरी विभाग के डॉक्टर राजेश गुप्ता और उनकी टीम ने तुरंत ऑपरेशन कर आंतों को सही जगह पर रखा। लेकिन ऑपरेशन के कुछ दिन बाद बच्चे की हालत फिर बिगड़ गई और पेट का हिस्सा खुल गया, जिससे खतरा और बढ़ गया। इसके बाद बाल रोग विभाग के प्रोफेसर राजेश्वर दयाल और उनकी टीम ने लगातार बच्चे की देखभाल की। डॉक्टरों ने दिन-रात मेहनत कर बच्चे को संभाला और धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार होता गया। अब तीन महीने बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रहा है। बच्चे के ठीक होने पर उसके परिवार में खुशी का माहौल है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह सफलता डॉक्टरों की मेहनत और टीमवर्क का नतीजा है। वहीं डॉक्टर राजेश गुप्ता ने बताया कि इतने कम वजन वाले बच्चे में इस तरह की बीमारी का इलाज करना बहुत मुश्किल होता है, लेकिन पूरी टीम ने मिलकर इसे संभव किया। इस सफलता से एसएन मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा सेवाओं पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

## अमांपुर में धूमधाम से निकाला गया मातारानी का डोला, लगाए मां के जयकारे

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। अमांपुर कस्बा में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के उपलक्ष्य में मातारानी का डोला गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया। इस मौके पर हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। प्राचीन देवी मंदिर में सुबह के समय हवन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा कालेज रोड पर स्थित प्रचीन देवी मंदिर से शुरू हुई। रास्ते में कई स्थानों पर भक्तों ने मातारानी की आरती उतारी। शोभायात्रा मैन बाजार, बारहद्वारी, सराफा बाजार, एटा रोड, सहावर रोड, ददवारा, गुडमंडी, शास्त्री नगर, गांधीनगर होते हुए देवी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहा प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी दिनेश सिंह, कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार दुबे, एसआई परमेश्वर सिंह, एसआई राकेश यादव, एसआई जगदीश सिंह, एसआई मनोज यादव, एसआई विक्रम सिंह, एसआई मनोज शर्मा मय पुलिस बल के मौजूद रहे। इस दौरान राजेश शर्मा, विष्णु अग्रवाल, तामेश्वर अग्रवाल, गुड्डू पाराशर, राकेश पाराशर, बिजेश वर्मा, केशव देव गुप्ता, धीरज गुप्ता, पुष्पेन्द्र वर्मा, सत्यवीर सिंह, विनय प्रताप सिंह, अरुण भारद्वाज, आकाश गुप्ता सर्राफ, पुजारी सुखदेव दास, सजीव महेश्वरी, पुष्पेंद्र आरएसएस, संतोष पालीवाल, विशाल मित्तल, सोनू गुप्ता, डॉ पवन माथुर, विनोद सविता, राहुल जोहरी, प्रमोद गुप्ता, विजेन्द्र यादव, मनोज गुप्ता, मोहनलाल शाक्य, मुकेश सविता, वैभव शाक्य, डां हरिओम साहू, सभासद बबलू यादव, हनी गर्ग, श्रीकृष्ण गौतम, रिषभ साहू, अमीम यादव, रूम सिंह यादव, मुनेंद्र वर्मा, गौरव यादव, अशोक शाक्य, राजवीर गोला, सुखबीर चैहान, सोभित अग्रवाल, सुखबीर शाक्य, बिट्टू पालीवाल, ओम सर्राफ, आकाश गुप्ता, सोनू गुप्ता, कैलाश शाक्य आदि मौजूद रहे।

## दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता

### ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या का आरोप, परिवार में मचा कोहराम



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव भोगपुर में शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतका की पहचान विनेश पत्नी सुरेश के रूप में हुई है। मृतका के तहेरे भाई हरपाल सिंह ने बताया कि विनेश की शादी वर्ष 2020 में हिंदू रीति-रिवाज से राजपाल के पुत्र सुरेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाती थी, जिसको लेकर आए दिन उसे प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का आरोप है कि इसी प्रताड़ना के चलते ससुरालियों ने गला दबाकर विनेश की हत्या कर दी। मृतका अपने पीछे तीन वर्षीय पुत्री मोहनी और एक वर्षीय पुत्र आरव को छोड़ गई है, जिनके सिर से मां का साया उठ गया है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मायके पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया भी जारी है।

### चलती रोडवेज बस में अचानक लगी आग, 27 सवारियां सुरक्षित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** मथुरा-बरेली हाइवे पर अथैया चैराहा के समीप अलीगढ़ से सवारी लेकर आ रही कासगंज डिपो की रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। चालक परिचालक ने बस से धुआं निकलते देखा तो गाडी रोक दी। बस में सवारियों में चीखपुकार मच गई। बस से सवारियां उतरने के चालक परिचालक ने रेत, अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया। आग पर नियंत्रण के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी रोडवेज विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है।

घटना शनिवार की सुबह करीब पौने 11 बजे की है। कासगंज डिपो की अनुबंधित रोडवेज बज अलीगढ़ से सवारियां लेकर कासगंज आ रही थी। जैसे ही बस मथुरा-बरेली हाइवे स्थित अथैया चैराहा के पास से गुजरी, तभी चालक को बस से धुआं उठता दिखाई दिया। जैसे ही चालक ने बस रोकी, धुआं और तेज हो गया। बस में आग लगने की जानकारी मिलते ही सवारियों में चीखपुकार मच गई। आनन-फानन में सभी सवारियों को बाहर सुरक्षित निकाला गया। इसके बाद चालक ने अग्निशमन यंत्र, रेत आदि की मदद से मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग के शांत होने के बाद चालक परिचालक ने स्थिति देखी। चालक की मानें तो शॉर्ट सर्किट की वजह से बस की वायरिंग व बैटरी में आग लग गई। घटना के समय बस में 27 सवारियां थीं। गनीमत रही समय पर धुआं उठता दिख गया, अन्यथा बडी घटना हो सकती थी। उन्होंने घटना की जानकारी रोडवेज विभाग के अधिकारियों को दी है। बस से उतरीं सवारियों को दूसरी अन्य बस से गंतव्य को भेजा गया है।

### जिला जज एवं जिलाधिकारी व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**जेल में बंद बंदियों से मिलकर जाना उनका हाल**



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर एवं जिलाधिकारी प्रणय सिंह व पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया गया निरीक्षण। निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया।

इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों से मिलकर उनका हाल जाना और जेल अधीक्षक को सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने के निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत जेल निरीक्षण के दौरान जिला जज एवं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चैक किया। तत्पश्चात महिला बैरक में पहुंचकर उन्होने जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। जेल निरीक्षण के दौरान व्यवस्थायें संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपमा सिंह, प्रभारी सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण खान जीशान मसूद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप निदेशक कृषि सहित उपस्थित रहे।

### वांछित अभियुक्त के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई, जगह-जगह किए नोटिस चस्पा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** सहावर थाना पुलिस ने गुरुवार को एक वांछित अभियुक्त के खिलाफ धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्रवाई की। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए की गई। जिसमें अभियुक्ता को फरार घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

उपनिरीक्षक दिगम्बर सिंह ने एक पुलिस टीम अभियुक्त सुमित पुत्र मुन्नालाल के निवास गांव जमालपुर स्थान पर पहुंची। वहां कानून के अनुसार पारंपरिक डुग्गी-मुनादी कराई गई। पुलिस टीम ने न्यायालय का नोटिस पढ़कर सुनाया और संबंधित स्थानों पर चस्पा किया।

ताकि स्थानीय जनता को भी इस विधिक प्रक्रिया की जानकारी मिल सके। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताया कि अभियुक्त को निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। यदि वह ऐसा नहीं करता है। तो उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रही था। और समन-वारंट के बावजूद फरार चल रही था। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर यह उद्घोषणा लागू की गई।

## महाशक्ति काली मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद में आध्यात्मिक उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के संगम के साथ महाशक्ति काली मंदिर, अहरोली से एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजन के पश्चात हुआ, जिसके बाद समूचा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और जयकारों से गूंज उठा। शोभायात्रा अहरोली स्थित मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी। यात्रा का रूट निर्धारित करते हुए इसे मालगोदाम रोड, नदरई गेट, गांधी मूर्ति और बारहद्वारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों से निकाला गया। इसके पश्चात शोभायात्रा सोरों गेट होते हुए अपने अंतिम गंतव्य कछला के लिए प्रस्थान कर गई। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में काली अखाड़ा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। अखाड़े के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज करतबों और पारंपरिक कला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता काली के स्वरूपों और अखाड़े के प्रदर्शन को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और धार्मिक गुरुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शोभायात्रा का नेतृत्व और मार्गदर्शन मुख्य रूप से महंत बाबा नीलकंठपुरी एवं महंत पवन पुरी, सुनील मदान, यश मदान, नीरू मदान, अदिति मदान, क्यारा मदान, प्राची मदान, लवी, इंद्रपुरी, किशन पुरी, सोमानी, और सोनू , तरंग, गोपाल, विनीत, गोविन्द, अवध किशोर, तरुण मदान, विजय मदान, मोहित, राधा, रेनू, सोनिया, रजनी, मोहिनी, नीलम और रश्मि द्वारा किया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम देखे गए। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और मंदिर समिति के स्वयंसेवकों ने यातायात और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जल सेवा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी।

# करण जौहर के 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में नजर आएंगी मल्लिका शेरावत!



'बिग बॉस', 'द 50', 'द सोसाइटी' जैसे रियलिटी शोज के बाद अब करण जौहर का 'द ट्रेटर्स सीजन 2' भी आने वाला है। जिसका ऐलान हाल ही में प्राइम वीडियो के एक इवेंट में किया गया था। इसकी शूटिंग इस समय राजस्थान के जैसलमेर में चल रही है, जिसके कंटेस्टेंट्स की लिस्ट ने ध्यान खींचा है। बताया जा रहा है कि इस शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत नजर आएंगी। इस बात की पुष्टि भी अब हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मल्लिका शेरावत 'द ट्रेटर्स सीजन 2' की शूटिंग के लिए जैसलमेर पहुंच गई हैं। उनका पिछले एक महीने से नाम सामने आ रहा था कि वह इसका हिस्सा बनेंगी और इन अटकलों पर अब फुल स्टॉप लग गया है। हालांकि एक्ट्रेस की तरफ से न तो इस बात की पुष्टि की गई है और न ही खंडन किया गया।

## द ट्रेटर्स सीजन 2 की शूटिंग शुरू

'द ट्रेटर्स' के पहले सीजन की तरह इस बार भी शूटिंग आलीशान सूर्यगढ़ पैलेस में हो रही है। यहां हाई-प्रोफाइल इवेंट्स होते हैं। जनवरी, 2023 में




किराया आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी यहीं पर हुई थी। इसका पहला सीजना प्राइम वीडियो पर ही स्ट्रीम हुआ था और दूसरा भी यहीं आएगा। पहले उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने इसे जीता था। और करण ने होस्ट किया था।

## मल्लिका की फिल्में

मल्लिका शेरावत लंबे समय से विदेश में रह रही हैं। उन्हे आखिरी बार 2024 में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था। उन्हें 'मर्डर' से पॉप्युलैरिटी मिली थी। इसके बाद उन्होंने अन्य हिंदी फिल्मों में भी काम करके अपनी पहचान बनाई थी। वह ब्रूनो मार्स के साथ 'ल्हाटा मैन' के म्यूजिक वीडियो में भी दिखी थीं।



# आज मैं जहां हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।''

बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।'' उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया। इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''

# 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' के बाद करण जौहर के साथ काम करेंगे ताहा शाह बदुशा



यूएई में जन्मे बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा अब बहुत प्रसिद्ध हो गए हैं। उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी' में नवाब ताजदार का रोल निभाकर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। 'हीरामंडी' में उनके किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। अब वह जल्द ही करण जौहर की एक सीरीज में नजर आने वाले हैं। वैरायटी की एक खबर के अनुसार, अब ताहा शाह बदुशा करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन की नई सीरीज 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज करण जौहर की पुरानी फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' पर आधारित हो सकती है। उस फिल्म में शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा और अभिषेक बच्चन थे। नई सीरीज में ताहा शाह बदुशा के साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और निकिता दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे।

# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन राणे




हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है।

## कितना वजह है बढ़ाना

हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है। अभी उनका वजन 90 किलो है, यानी सिर्फ 2 किलो और बढ़ाना बाकी है।

## कब रिलीज होगी 'फोर्स 3'

6 मार्च को 'फोर्स 3' की शूटिंग गुजरात में शुरू हुई। टीम ने पूजा समारोह के साथ काम की शुरुआत की। फिल्म में जॉन अब्राहम (एसीपी यशवर्धन), हर्षवर्धन राणे और तान्या मानिकतला मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसे भव धूलिया निर्देशित कर रहे हैं। यह फोर्स सीरीज की तीसरी फिल्म है और 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है।



# मणिरत्नम की फिल्म में नजर आएंगे विजय सेतुपति, मुख्य अभिनेत्री के तौर पर होगी साई पल्लवी

**साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं। विजय जल्द ही मशहूर निर्देशक मणिरत्नम की अगली फिल्म में काम शुरू करने वाले हैं।**

यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। इसमें विजय के साथ साई पल्लवी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। विजय की मणिरत्नम के साथ यह दूसरी फिल्म है। इस फिल्म से पहले वह मणिरत्नम के साथ 2018 में फिल्म 'चेक्का चिवंथा वानम' नाम की फिल्म में काम कर चुके हैं, लेकिन इस बार कुछ बिल्कुल अलग और नया करने जा रहे हैं।

## कब शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग इस साल गर्मियों में शुरू हो सकती है। इस फिल्म के म्यूजिक के लिए प्रतिभा साई अभ्यंकर से बात चल रही है। फिल्म को मद्रास टॉकीज और लाइका प्रोडक्शंस मिलकर बना रहे हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। विजय सेतुपति की आने वाली तमिल फिल्म 'अरसन' है। इसमें सिलंबरासन मुख्य भूमिका में हैं। यह एक गैंगस्टर एक्शन ड्रामा है, जिसका संगीत अनिरुद्ध रविचंदर दे रहे हैं। पहले अफवाहें थीं कि व्यस्तता के कारण विजय इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए, लेकिन अब विजय ने साफ कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग जारी है।



## पॉकेट नॉवेल में नजर आएंगे विजय

विजय सेतुपति निर्देशक थियागराजन कुमारराजा की फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' में काम कर रहे हैं। इसमें मालविका मोहनन और राज बी शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में किशोर भी महत्वपूर्ण किरदार में होंगे। इसकी पटकथा एंड्रयू लुईस ने लिखी है। इसका संगीत इलैयाराजा का है।

# इंडियन सोल और अमेरिकन टेक्नीक का मेल है 'डकैत'



**अदिवि शेष जल्द ही 'डकैतः ए लव स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर भी हैं। अदिवि शेष का कहना है कि डकैत, हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष दिखेगा।**

## यह प्रेम कहानी होने के बावजूद आपने शीर्षक 'डकैत' क्यों चुना?

फिल्म का विचार हमारे सिनेमाई जुनून और पुरानी यादों का मेल है। मैं और मेरे करीबी दोस्त व निर्देशक शनि, हम दोनों ही 'द मैग्निफिसेंट सेवन' और 'द गुड, 'द बैड एंड द अग्ली' जैसी क्लासिक काउबॉय फिल्मों के प्रशंसक रहे हैं। काफी समय से मेरा मन एक प्रेम कहानी पर काम करने का था, लेकिन मैं उसे पारंपरिक रूप में नहीं देखना चाहता था। हमने सोचा, क्या होगा अगर तपते रेगिस्तान, रेल की पटरियों, बंदूकों और खून-खराबे के उस खौफनाक काउबॉय माहौल के बीच एक 'एंग्री लव स्टोरी' बुनी जाए? बस, इसी कल्पना ने 'डकैत' को जन्म दिया। यह असल में डकैती के हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष चलता है।

## क्या लीड पेयर पूरी तरह से डकैती से जुड़ा है?

देखिए जब माहौल ही इतना कठोर हो, तो किरदारों को भी उसी रंग में ढलना पड़ता है। यही वजह है कि यह कहानी एक बिल्कुल अलग और यूनिक संयोजन बनकर सामने आई है। आमतौर पर दर्शक या तो पूरी तरह एक्शन से भरी फिल्म देखते हैं, या फिर एक ऐसी प्रेम कहानी, जहां भावनाएं आंसुओं और गीतों में बहती हैं। लेकिन हमने इस सोच को थोड़ा मोड़ा। हमने तय किया कि इस बार प्यार की बात तो होगी, लेकिन उस नरम, मासूम अंदाज में नहीं, बल्कि गुस्से, टकराव और तीखे जज्बातों के साथ। यानी यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां भावनाएं दबी नहीं रहती, बल्कि खुलकर, तेज और कभी-कभी चिल्लाते हुए सामने आती हैं।

## इस फिल्म में आपने प्यार का कौन सा अनछुआ पहलू छुआ है?

फिल्म 'डकैत' की प्रेम कहानी पारंपरिक सामाजिक संघर्षों, जैसे जाति, धर्म या अमीरी-गरीबी तक सीमित नहीं है। इसका केंद्र किरदारों की आंतरिक संवेदनाएं और उनके निजी अनुभव हैं। यहां प्रेम को एक बेहद व्यक्तिगत एहसास की तरह दिखाया गया है, जो माता-पिता और संतान के रिश्ते जितना गहरा हो सकता है। जब भावनाएं इतनी निजी हो जाती हैं, तो उनका प्रभाव भी अनोखा बनता है। कहानी इस बात को टटोलती है कि कोई रिश्ता क्यों खास बनता है और टूटने पर भीतर क्या बदल जाता है, यही इसकी असली ताकत है।

## 'एक्शन और इसकी कोरियोग्राफी आपके लिए कैसी रही?

मैं अपनी एक्शन कोरियोग्राफी के लिए जाना जाता हूं। मैं नियमित रूप से 'मास' फिल्में नहीं करता, बल्कि मुझे 'हाइपर-रियल' एक्शन पसंद है, जो दिखने में असली भी लगे और ग्लैमरस भी। अगर मेरी फिल्म में कोई बंदा हवा में उड़ रहा है, तो उसके पीछे एक तार्किक कारण होना चाहिए। इस फिल्म के निर्देशक सुनील, जो मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी हैं, उन्होंने सिनेमैटोग्राफी की थी। वह अब डायरेक्टर बन गया है। हम दोनों की एक्शन को लेकर जो अमेरिकन सेंसिबिलिटी है, उसे हम इस फिल्म में लेकर आए हैं। हॉलीवुड की तकनीक और जिस तरह से वे एक्शन को कट और डायरेक्ट करते हैं, हमने उसे इस्तेमाल किया है।

## अनुराग कश्यप से इस प्रोजेक्ट को लेकर पहली बार कब बात हुई?

मेरे दोस्त शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य की शादी का मौका था, जहां अनुराग कश्यप भी मौजूद थे। मैंने मौका देखते ही अनुराग सर का हाथ पकड़ा और उसी माहौल में उन्हें 'डकैत' की कहानी सुनानी शुरू कर दी। शादी के जश्न के बीच ही मैंने उन्हें फिल्म के लिए पिच किया और इसी तरह वे हमारे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन गए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।